राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 9] बारहवीं विधान सभा के नवें सत्र का तीसरा दिवस [संख्या : 3

बुधवार;

20 फरवरी, 2008

राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष, पदासीन)

श्री उपाध्यक्ष: राम-राम साहब, राम-राम।

अनेक माननीय सदस्य: जय राम जी की।

श्री उपाध्यक्ष: प्रश्न संख्या 20।

तारांकित प्रश्नोत्तर

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही): उपाध्यक्ष महोदय, सदन में कल से गतिरोध बना हुआ है।

राज्य में विद्युत उपभोग हेतु खरीद एवं आपूर्ति

20. **श्री मदन राठौड़** (सुमेरपुर): क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि राज्य में विद्युत उत्पादन में वृद्वि हुई है? यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में हुई उत्पादन वृद्वि का वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि राज्य में विद्युत आपूर्ति में भी वृद्वि हुई है। यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में की गई विद्युत आपूर्ति का वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि राज्य में आवश्यकतानुरूप विद्युत खरीद भी करनी पड़ती है? यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में की गयी विद्युत खरीद का वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि राज्य में विगत दस वर्षों में कृषि एवं घरेलु विद्युत दरों में वृद्वि की गयी है? यदि हां, तो कब-कब? वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही): सदन की नेता एक मिनट के लिये हाउस में नहीं आयी हैं ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: प्रश्नकाल चलने दीजिये ...(व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही): उपाध्यक्ष महोदय, एक मिनट के लिए सदन की नेता हाउस में नहीं आयी हैं ...(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): वही तो सवाल कर रहे हैं ...(व्यवधान) आपके नेता को बोलने दें ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप पहले प्रश्नकाल चलने दीजिये ...(व्यवधान) प्रश्नकाल चलने दीजिये ...(व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): बहस करने का कोई मतलब नहीं समझ में आता है ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपसे निवेदन है कि आप प्रश्नकाल पहले चलने दीजिये ...(व्यवधान) प्रश्नकाल चलने दीजिये ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: सदन की नेता चूंकि राजस्थान की वित्त मंत्री भी हैं ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, अब नेता, प्रतिपक्ष बोल रहे हैं। आप स्थान ग्रहण कीजिये ...(व्यवधान) माननीय नेता प्रतिपक्ष बोल रहे हैं ...(व्यवधान) हां, बोलें ...(व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): पहला सवाल है बिजली का, बिजली संबंधी सवाल है।

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, पहले नेता प्रतिपक्ष बोल रहे हैं, फिर बात करेंगे ...(व्यवधान) आपको मौका मिलेगा ...(व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): कांग्रेस के लोग ...(व्यवधान) हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: अंकित नहीं होगा ...(व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री उपाध्यक्ष: माननीय नेता, प्रतिपक्ष बोलना चाहते हैं पहले। स्थान ग्रहण कीजिये, बीच में नहीं बोलें ...(व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री उपाध्यक्ष: अब सुनने दें ...(व्यवधान)

श्री बद्रीलाल जाट (कपासन): ×××

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना): ×××

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): उपाध्यक्ष महोदय, सदन में गतिरोध बना हुआ है ...(व्यवधान) गतिरोध दूर करने के लिए हाउस को आर्डर में लायें, फिर हाउस चलेगा ...(व्यवधान)

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): (1) जी हां। विगत पांच वर्षों में राज्य को 1871.52 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता उपलब्ध हुई है जिसका विवरण परिशिष्ट 'अ' पर उपलब्ध है। 1 जनवरी, 2003 को राज्य की कुल उत्पादन क्षमता 4520.42 मेगावाट थी जो अब बढ़कर 6391.94 मेगावाट हो गई है।

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): आप व्यवस्था दीजिये, उसके बाद में हाउस चलेगा। आपकी तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है। हाउस तो आर्डर में है ही नहीं, कल भी पूरा दिन ऐसे ही गया और आज भी अगर आपकी तरफ से ...(व्यवधान)

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): 1 जनवरी, 2003 को राज्य की कुल उत्पादन क्षमता 4520.42 मेगावाट थी जो अब बढ़कर 6391.94 मेगावाट हो गई है।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): हाउस कैसे चलेगा ...(व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

डा. सुरेश चौधरी (भादरा): ×××

श्री उपाध्यक्ष: प्रश्नकाल चलने दीजिये, प्रश्नकाल चलने दीजिये माननीय सदस्य ...(व्यवधान)

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): (2) जी हां। राज्य में वर्ष 2003 में 2546 करोड़, वर्ष 2004 में 2939 करोड़, वर्ष 2005 में 3103 करोड़, वर्ष 2006 में 3222 करोड़ व वर्ष 2007 में 3467 करोड़ यूनिट बिजली की आपूर्ति की गयी है।

(श्री गजेन्द्र सिंह)

(3) जी हां। रबी की फसल के लिये किसानों को पर्याप्त मात्रा में विद्युत उपलब्ध कराने हेतु आवश्यकतानुसार विद्युत खरीदनी पड़ती है। वर्ष 2003 में 7 करोड़, वर्ष 2004 में 55 करोड़, वर्ष 2005 में 61 करोड़, वर्ष 2006 में 72 करोड़ तथा वर्ष 2007 में 141 करोड़ यूनिट की खरीद की गयी है।

(4) जी हां। गत 10 वर्षों में कृषि एवं घरेलू श्रेणी की विद्युत दरों में तीन बार वृद्धि की गयी जिसका विवरण परिशिष्ट 'ब' पर उपलब्ध है। वर्ष 1999 तथा 2001 में कृषि एवं घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं की दरों में वृद्धि का भार उपभोक्ताओं पर डाला गया था परन्तु दिसम्बर, 2004 में बढ़ी हुई कृषि एवं छोटे घरेलू उपभोक्ताओं की दरों का समस्त भार राज्य सरकार ने वहन किया है और इस हेतु रूपये 1114 करोड़ का पुनर्भरण विद्युत कम्पनियों को 2004-05 से 2007-08 तक किया है।

(विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट-1 देखें)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): मेरा सप्लीमेंट्री सवाल है, इस योजना से ...(व्यवधान) आप कब तक आत्मनिर्भर हो जायेंगे, राजस्थान का बिजली विभाग कब तक अपने पैरों पर खड़ा हो जायेगा, मंत्री जी कृपया जवाब दें। जब केन्द्र से पूरा असहयोग हो रहा है जब केन्द्र से सहयोग नहीं मिल रहा है तो आप कब तक अपने पैरों पर खड़े हो जायेंगे।

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक): अगला प्रश्न बोलें... (व्यवधान)

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, किसानों की विद्युत दरों में हमारी सरकार ने कोई भी वृद्धि नहीं की है, पिछली सरकार ने ...(व्यवधान)

श्री राकेश मेघवाल (परबतसर): तीन महिनों में खड़ी हो जायेगी सरकार अपने स्तर पर।

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): कांग्रेस ने 80 प्रतिशत किसानों की बिजली के भाव बढ़ाये, हमारी सरकार ने अभी तक एक भी नया पैसा नहीं बढ़ाया है और हमारा विचार भी नहीं है ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: प्रश्न संख्या 21, प्रश्न संख्या 22, प्रश्न संख्या 23.

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी जारी)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): क्या राज्य सरकार बिजली की दरें बढ़ायेंगी।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): ना बढ़ायी है और ना बढ़ायेंगे।

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने चार साल में एक नया पैसा नहीं बढ़ाया है किसानों का और इस वर्ष भी हम कोई भी भार किसानों पर नहीं डालेंगे।

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी जारी)

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): धन्यवाद।

श्री राकेश मेघवाल (परबतसर): माननीय मंत्री जी यह बतायें कि भारत सरकार ने राजीव गांधी विद्युतिकरण में कितना पैसा दिया और अगर नहीं दिया है तो क्यों नहीं दिया? भारत सरकार ने राजीव गांधी योजना में एक पैसा भी नहीं दिया, इस कांग्रेस की भारत सरकार ने।

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी जारी)

राज्य मंत्री, ऊर्जा (श्री गजेन्द्र सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, हमारी 33 योजनाओं में से खाली 17 योजनाओं को स्वीकृति मिली है और उसकी भी हमें पूरी राशि नहीं मिली है।

श्री राकेश मेघवाल (परबतसर): भारत सरकार ने पैसा नहीं दिया ...(व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना): हमारी सरकार बिजली में कौनसे साल तक आत्मनिर्भर हो जायेगी ...(व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनिया (पीलीबंगा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि ...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: सदन की बैठक साढ़े 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 11.08 बजे 12.30 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

(शेष तारांकित प्रश्नोत्तर एवं अतारांकित प्रश्नोत्तर के लिए कृपया आगे देखें)

(12.30 बजे)

(पुनः समवेत् होने पर)

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष, पदासीन)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैं स्थगन प्रस्ताव पढ़ कर सुना रहा हूं। (व्यवधान)

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): आप पहले व्यवस्था कीजिए कि स्थगन प्रस्ताव होगा या स्थगन होगा। ...(व्यवधान)... यह सदन चलेगा नियम और कानून के अन्तर्गत ...(व्यवधान)... ।

श्री उपाध्यक्ष: व्यवस्था कर रहे हैं, व्यवस्था कर रहे हैं। ...(व्यवधान)... आप बात तो सुनिए।

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): ...(व्यवधान)... यह सदन नियम और कानून के अन्तर्गत चलेगा। ...(व्यवधान)...

श्री उपाध्यक्ष: जोशीजी, बात सुनिए। ...(व्यवधान)... आपस में सहमति बन रही है, बातचीत हो रही है इसलिए सदन की बैठक आधे घण्टे के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 12.32 बजे आधे घंटे के लिए स्थगित हुई)

(13.02 बजे)

(पुनः समवेत् होने पर)

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष, पदासीन)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय मुख्य मंत्रीजी।

श्रीमती वसुन्धरा राजे (मुख्य मंत्री): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाह रही हूं कि दो दिन से हाउस को जिस हालत में रखा हुआ है, जिस इश्यू के ऊपर हम लोग इस डेडलाक पर पहुंचे है उस इश्यू के ऊपर हमने हमारे ए.जी. साहब की ओपिनियन ली है। वह ओपिनियन बड़ी क्लीयरली हमारे सामने आई हुई है। मैं चाहती हूं इस ओपिनियन को मैं टेबल आफ दी हाउस के ऊपर रखना चाहूंगी और साथ ही साथ मैं यह मानती हूं कि एक दफे सब यह पढ़ लें और पढ़ने के बाद आपको फिर ऐसा लगता है कि इसमें कोई ऐसी बात है जिसको आप डिसकस करना चाहते हैं उसके लिए या तो हाउस के अंदर अपन डिसकस कर सकते हैं या बाहर भी हमारे चेम्बर में, या स्पीकर साहब के सामने हम इसको बैठकर डिसकस कर सकते हैं। मैं समझती हूं कि इसमें ओपिनियन बहुत ही क्लीयरली निकला है उसको पढ़ने के बाद आप जैसा चाहेंगे वैसा हम लोग करेंगे।

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्रीजी की भावना से ज्यादा जरूरी यह है कि राजस्थान विधान सभा

(डा. सी.पी. जोशी)

संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार चले। संविधान के आर्टिकल 208 के अन्तर्गत राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया के नियम बने हुए हैं उन प्रक्रिया के नियमों के अन्तर्गत..(व्यवधान)..

श्रीमती वसुन्धरा राजे (मुख्य मंत्री): इसमें मैं क्लीयरली यह कहना चाहती हूं कि बहस करना चाहते हैं तो वहां से भी बहस हो जाए, यहां से भी बहस हो जाए। यह मैं टेबल पर रख देती हूं उसके बाद विचार करके उसके बाद अंदर हाउस में बहस करना चाहें या बाहर बैठना चाहें, जैसा आप करना चाहें वैसा करें, परन्तु आप उसकी व्यवस्था दे दें।

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): उपाध्यक्ष महोदय, सरकार चलती है अपने बिजनेस रूल्स के अन्तर्गत, विधान सभा चलती है राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया और नियम के अन्तर्गत। राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया नियमों के अन्तर्गत स्पीकर महोदय ने जो रूलिंग दी है उस रूलिंग के अन्तर्गत हम कोई सरकार की मर्सी पर नहीं हैं। ..(व्यवधान).. उपाध्यक्ष महोदय, सदन चलता है नियम और कानून के अन्तर्गत। नियम और कानून.. (व्यवधान)..

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, सदन की नेता ने कहा दिया है कि सदन को चलाना चाहते हैं। राजस्थान की पांच करोड़ जनता देख रही है। हम सदन चलाना चाहते हैं। ..(व्यवधान)..

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): आप अपनी मेजोरिटी से नियम और कानून को इंटरप्रेट नहीं कर सकते। नियम और कानून का इंटरप्रिटेशन मेजोरिटी से नहीं होता। ...(व्यवधान).. नियम और कानून का इंटरप्रिटेशन .. (व्यवधान)..

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक): आप प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं राजस्थान का दौरा करें। ..(व्यवधान)..

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): उपाध्यक्ष महोदय, संवैधानिक व्यवस्था के अन्तर्गत आप आसन को चलाने के लिए अधिकृत नहीं हैं। आप अधिकृत हैं संवैधानिक व्यवस्था के अन्तर्गत, आर्टिकल 208 के अन्तर्गत राजस्थान विधान सभा ने जो नियम बनाये हैं उन नियमों की बाध्यता से आप हाउस चलाते हैं, आप सरकार की मनमर्जी से नहीं चलाते। उन नियमों को आप जब तक अमेण्ड नहीं करेंगे तब तक जो रूल का प्रोविजन है उस रूल के प्रोविजन को

(डा. सी. पी. जोशी)

मानना पड़ेगा। रूल के प्रोविजन के अन्तर्गत स्पीकर महोदय ने रूलिंग दी है यहां पर ये पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर मिनिस्टर हैं। इसका इंटरप्रिटेशन विधान सभा के अंदर है वही इंटरप्रिटेशन राइट होगा। रूल्स के अंदर तो सरकार करती रहे। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, हम आपसे फिर निवेदन करना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी का जो स्टेंड है उस पर राज्य सरकार खेद व्यक्त करे। ..(व्यवधान).. जब सरकार के नोटिस में आ गया कि यह गलत काम हो रहा है तो अमेण्डमेंट करना चाहिए सरकार को। सरकार अमेण्डमेंट भी नहीं करे ..(व्यवधान).. यह नियम और कानून के अंदर चलेगी। ...(व्यवधान)...

श्री उपाध्यक्षः माननीय सदस्य।

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्रीजी यह बताएं आज दिन तक हाउस असेम्बल होने तक आपने एडवोकेट जनरल की राय क्यों नहीं ली थी, आज ही अलग क्यों आया? दो दिन हाउस चला ..(व्यवधान)..

श्री उपाध्यक्षः अब बहस किस बात की ? यह बहस किस बात की ? ..(व्यवधान).. किस बात की बहस कर रहे हैं आप? माननीय सदस्य, यह बहस किस बात की है ..(व्यवधान)..

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): नियम और कानून बने हुए हैं, सरकार की मनमर्जी नहीं है।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): हम बहस के लिए तैयार हैं। ..(व्यवधान)..

श्री उपाध्यक्षः आपने अपनी बात कह दी, आप स्थान ग्रहण कीजिए। आपने अपनी बात कह दी। आपने कह दिया। इसमें क्या एतराज है? आपको एतराज क्या है इसमें?

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): बहस के लिए तैयार हैं। सरकार जवाब देने के लिए तैयार है। ..(व्यवधान)..

श्री उपाध्यक्षः माननीय जोशी जी। आपने कह दी अपनी बात। आपने अपनी बात कह दी। कह दी अपनी बात। ..(व्यवधान)..

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): जो नियम बने हुए हैं उन नियमों के अन्तर्गत सरकार यदि खेद व्यक्त करे ..(व्यवधान)..

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य।

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): उपाध्यक्ष महोदय, आप हमें बाध्य न करें। आप सदन की गरिमा को बनाये रखें। सदन की गरिमा को बनाये रखने की जिम्मेदारी स्पीकर की है।

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): माननीय सदस्य हमेशा सदन को गुमराह करने का प्रयास करते हैं।

श्री उपाध्यक्ष: आपने अपनी बात कह दी। कह दी आपने अपनी बात। माननीय सदस्य, आपने कह दी अपनी बात। ...(व्यवधान)...

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): आप नियम और कानून से ऊपर नहीं हैं उपाध्यक्ष महोदय। ..(व्यवधान)..

श्री महावीर प्रसाद जैन (मुख्य सचेतक): ये नहीं चाहते कि जनता के कोई मुद्दे हाउस में आये। कल्ला साहब नहीं चाहते।

डा. ओ. पी. महेन्द्रा (उप मुख्य सचेतक): उपाध्यक्ष महोदय, आप कार्यवाही आगे चलाएं। विपक्ष के पास में कोई मुद्दा नहीं है। ये किसी विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रश्नकाल को भी इन्होंने खराब किया और जब सदन की नेता ने खुली चुनौती दे दी, तो इनमें हिम्मत है तो चुनौती को स्वीकार करना चाहिए और चुनौती को स्वीकार करके भागना चाहते हैं, ये हंगामा करके समय बर्बाद करना चाहते हैं।

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): विधान सभा नहीं चलेगी। विधान सभा नियम और कानून के अन्तर्गत चलेगी।

श्री रामप्रताप कासनिया (पीलीबंगा): उपाध्यक्ष महोदय, कोई जानकार पंडित से पतड़ा दिखवाकर यह पता करवाया जाए कि यह नया हाउस जबसे बना है इसमें गतिरोध ही रहा है। कोई जानकार पंडित से राय ले ली जाए कि यह गतिरोध कैसे समाप्त होगा।

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य।

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर): जब नियमों में अमेण्ड कर दिया ...(व्यवधान)... यह सारा मामला रूल्स कमेटी को रेफर कर दें। ...(व्यवधान)...

डा. ओ. पी. महेन्द्रा (उप मुख्य सचेतक): यह राज अच्छा है या नहीं है यह जनता बताएगी, आपके बताने से नहीं होता है। ...(व्यवधान)... आपके लिए अच्छा नहीं हो सकता है ...(व्यवधान)... आपको तो आपकी पार्टी ने भी निकाल दिया। ..(व्यवधान).. आपकी पार्टी ने ही आपको ठुकरा दिया।

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): वहां से ही कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनेगा। ..(व्यवधान)..

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, सदन के नेता ने सारी बात साफ-साफ कह दी।

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना): सरकार ने इस विषय पर राय हमारे समक्ष रख दी है।

श्री उपाध्यक्ष: आपने अपनी बात कह दी। आप मेरी बात सुनें .. (व्यवधान)..

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना): उपाध्यक्ष महोदय, विधि विशेषज्ञ की राय सरकार ने हमारे समक्ष रखी है। ..(व्यवधान)..

एक माननीय सदस्य: कांग्रेस जनता विरोधी पार्टी है। ..(व्यवधान)..

श्री टीकम चन्द कान्त (सिवाना): विधि विशेषज्ञ की राय आने के बाद सदन यह तो जाने कि वह राय क्या है। उस पर चर्चा की जा सकती है। ये गतिरोध दूर नहीं करके समय बर्बाद कर रहे हैं।

डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर): आप रूल्स कमेटी को रेफर करें।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, सदन के नेता ने सारी बात साफ कह दी है ..(व्यवधान).. सदन की नेता ने साफ कहा, यह जो एडवोकेट जनरल की रिपोर्ट है, इस पूरे मामले में। ... (व्यवधान)...

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं इस बात पर। ...(व्यवधान)...

श्री उपाध्यक्ष: आपकी बात सुनेंगे, पहले बोल रहे हैं मंत्री आप उनके बोलने के बाद बोलो। माननीय सदस्य, मैंने पहले उनको अलाउ कर दिया। आप बात सुनिए। इसी बात की बहस हो रही है, आप सुनना नहीं चाहते। माननीय सदस्य,आप बिना परमिशन के बोल रहे हैं, आपकी कोई बात अंकित नहीं होगी। माननीय सदस्य, पहले पार्लियामेंटरी मिनिस्टर खड़े हो चुके हैं और मैंने उनको अलाउ कर दिया। आपको मौका दिया जाएगा, बीच में नहीं। आप स्थान ग्रहण कीजिए, अंकित नहीं होगा यह।

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली): ×××

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, मुझे यह लगता है कि प्रतिपक्ष विधान सभा से भागना चाहता है। यह पहली बार है

(श्री राजेन्द्र राठौड़)

कि प्रतिपक्ष विधान सभा में बहस सुनने को तैयार नहीं है। सदन की नेता ने स्पष्ट कह दिया, पूरे पांच करोड़ राजस्थान की जनता आज इस सदन की कार्यवाही की तरफ देख रही है। आज दो दिन हो गये, उपाध्यक्ष महोदय, एक ऐसा विषय जो संविधान के प्रावधानों से जुड़ा है।

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली): ×××

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उस पर कानून है और कानून ...(व्यवधान)... एडवोकेट जनरल की रिपोर्ट को टेबल किया है और उस रिपोर्ट के आधार पर उसके बाद भी अगर प्रतिपक्ष उसमें बहस करना चाहें, चाहे सदन में बहस करें, सदन के बाहर बहस करें, आपके चेम्बर में बहस करें उसके लिए सत्ता पक्ष बिलकुल तैयार है।

एक माननीय सदस्य: ×××

श्री उपाध्यक्ष: आप बिना परमिशन के बोल रहे हैं माननीय सदस्य।

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री हीरालाल (निवाई): ×××

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली): ×××

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): आगे का बिजनेस पुकारें, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सदन की नेता ने साफ साफ कह दिया बहस करना चाहें तो सदन में तैयार हैं, सदन के बाहर तैयार हैं, उसके बाद भी यह मुद्दा...(व्यवधान)...

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली): ×××

श्री उपाध्यक्ष: यदि माननीय सदस्य, बार-बार आप वही बात दोहरा रहे हैं, आपने बात कह दी, आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए, आप बिना परमिशन बोले हैं। आपको परमिशन नहीं दी, आपका कुछ अंकित नहीं होगा। माननीय सदस्य,आपने कह दी अपनी बात, आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए। आप बैठ जाइए, माननीय सदस्य, स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली): ×××

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): ×××

श्री उपाध्यक्ष: आप बिना परमिशन बोल रहे हैं, माननीय सदस्य, आपका अंकित नहीं होगा। मैं परमिशन दूंगा, आप समय मांगें, आपको बहस

(श्री उपाध्यक्ष)

करनी है तो आपको समय दिया जाएगा। ...(व्यवधान)... आप कर रहे हैं नियम की बात ? बहस होगी, आप बीच बीच में चलते चलते, माननीय सदस्य, आप स्थान ग्रहण कीजिए। ...(व्यवधान)... तो ठीक है, बात आ गई आपकी। आप बिना परमिशन बोल रहे हैं, अंकित नहीं होगा।

श्री जुबेर खान (रामगढ़): ×××

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री जुबेर खान (रामगढ़): ×××

श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): ×××

श्री जुबेर खान (रामगढ़): ×××

श्री उपाध्यक्ष: आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

श्री जुबेर खान (रामगढ़): ×××

श्री गुलाब चन्द कटारिया (गृह मंत्री): मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना करता हूं कि जो भी विषय आपके सामने इस समय सदन में है और जिसके कारण से पिछले दो दिन से चर्चा रूकी हुई है, आखिर इसका कोई न कोई रास्ता निकाल कर हमको सदन को आडर में लाने की मंशा आपकी भी है और हमारी भी है। मैं सोचता हूं, इसमें विवाद कहां रहा जब मुख्य मंत्री जी ने ...(व्यवधान)... एक सैकण्ड, मेरी बात सुन लें, आपको समझ में आए तो वह तो ठीक है। जब आपने यह कह दिया कि ए.जी. की राय जो है, वह मैं सदन के पटल पर रखती हूं, आप लोग उसे पढ़ लें और पढ़ने के बाद अगर आपको लगता है कि इसमें कोई विरोधाभास है या इसमें कहीं कमी खामी है तो बहस के आधार पर अगर बात को अपनी रखना चाहें तो रख लें।

श्री उपाध्यक्ष: ठीक है।

श्री गुलाब चन्द कटारिया (गृह मंत्री): व्यक्तिगत मिल कर के बात करना चाहें किसी बिन्दु पर कि यहां इसमें यह कानूनी पेचीदगी है और यह इसका रास्ता है तो मिल बैठ करके उसका रास्ता तय किया जा सकता है। निर्णय तो आप और हमको मिल कर के ही करना पड़ेगा और इसका कोई रास्ता निकालना पड़ेगा और हाउस को आर्डर में लाना होगा। हमारी और सदन की नेता की मंशा यह है कि हाउस चले। जनता ने जिस दृष्टि से हमको यहां भेजा है उसकी पूरी पालना करें और किसी के मन में यह नहीं है कि हाउस

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

नहीं चले। अगर किसी बिन्दु पर हमारी भिन्नता है तो हम समझ लें और समझने की कोशिश करें और उसके आधार पर जो भी हल मिल बैठ कर के निकालना चाहें, कानूनी अगर उसमें कोई पेचीदगी है और उसमें आप अपनी तरफ से कोई चीज कहना चाहें तो जरूर कहें ताकि उसको सुन कर के समझें और एक सार्थक चर्चा भी हो क्योंकि यह कानूनी मुद्दा आकर के जब अटक गया है तो चर्चा से ही उसका हल निकलेगा। यहां निकालना चाहें, यहां निकालें, बाहर अगर आपके वेश्म में बैठ कर के वहां चर्चा करना चाहें, वहां करें और उसके बाद उसका जो रास्ता आपको और हमको दोनों को मिल कर के निकालता है वह रास्ता निकालने की कोशिश करें तो मैं सोचता हूं कि हम ठीक तरह से उस चर्चा को आगे बढ़ा सकेंगे। मेरी प्रार्थना अगर आप स्वीकार करें तो यह है।

श्री जुबेर खान (रामगढ़): उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्री जी की बात को आगे बढ़ाते हुए एक निवेदन करना चाहूंगा। इसका मतलब यह हुआ कि जितनी भी अध्यक्षीय व्यवस्थाएं हुई हैं, आप उनका पंडारा बाक्स खोलेंगे कि हर व्यवस्था के ऊपर आप एडवोकेट जनरल की राय लेंगे क्या? जो 29 फरवरी, 2005 को अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि संसदीय सचिवों को मंत्रिमण्डल का सदस्य मानते हुए ओम बिरलाजी को बिल पायलेट करने के लिए किया और यह प्रोसीडिंग में है, अध्यक्षीय व्यवस्था है। अगर आप ए.जी. की रिपोर्ट लाएं, इसका मतलब यह हुआ कि जितनी बार आसन से व्यवस्था दी गई है, सब पर ए.जी. की लाय लेंगे क्या ? यह नया पंडारा बाक्स खोलेंगे ?

श्रीमती वसुन्धरा राजे (मुख्य मंत्री): आप खाली उसको पढ़ तो लें, यह सब जो आपको दुविधाएं हो रही हैं, वह एक दफा के लिए उसमें खतम हो जाएंगी। जो आपके हाउस के इश्यूज हैं वह सब चीज को उसमें टेकल, डील किया है, आप एक दफा पढ़ लें न। उसको पढ़ने के बाद मैंने यह कहा क्लियरली हाउस के अन्दर कि पूरे हाउस को रैंथम पर रखने के बजाय सब की निकालें जब अपने ऊपर हैं तो एक दफा या तो उसके अन्दर अपन इसकी बहस करके खतम कर लें या अपन बाहर बैठ कर के इसको सुलझाने की कोशिश करें। रास्ता जैसा अभी आपको होम मिनिस्टर साहब ने कहा, निकालना अपने को है, यह आपको और हमको दोनों को निकालना है तो यह

(श्रीमती वसुन्धरा राजे)

आर्ग्यूमेंट अपन बार-बार एक विसियस साइकिल में कम्पलीट करने की क्यों कोशिश कर रहे हैं।

श्री उपाध्यक्षः इसमें आब्जैक्शन की क्या बात है?

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): आप मेरी बात को सुन लें। आब्जैक्शन यह है कि हाउस सम्मन होने के समय तत्कालीन जो हमारे स्पीकर महोदय जी थे उनसे हम मिले थे और उन्होंने एडवोकेट जनरल की राय के लिए सरकार को भेज दिया। सरकार आज लाकर के ले कर रही है। (व्यवधान)

श्री सांवर लाल (सिंचाई मंत्री): ...... माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह सारी बातें इस रिपोर्ट को पढ़ने के बाद आप सदन की.... (व्यवधान)

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): काहे को बोलें। (व्यवधान) काहे को पढ़े। (भारी व्यवधान)

एम माननीय सदस्य : ...... तय कर लिया है कि हाउस को चलने नहीं देना है। (व्यवधान)

श्री सांवर लाल (सिंचाई मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, यह कांग्रेस पार्टी का दफ्तर नहीं है, यह राजस्थान की विधान सभा है। (व्यवधान)

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): यह विधान सभा है, यह मुख्य मंत्री के +++ नहीं है। यह विधान सभा है। (भारी व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप बिजनैस चलाना चाहते हैं? (व्यवधान) माननीय सदस्य, आप हाउस नहीं चलाना चाहते? आप हाउस नहीं चलने देंगे? (व्यवधान)

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): चलाना चाहते हैं। कौन कहता है कि नहीं चलाना चाहते हैं? (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: आप किसी की बात सुनें तो सही। (व्यवधान) उस बात पर आपको क्या एतराज है वह बताओ। आपने गवर्नमेंट से जवाब मांगा था। (व्यवधान)

श्री घनश्याम तिवाड़ी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, सदन में आप बिजनैस लीजिये। स्थगन प्रस्तावों पर व्यवस्था करिये। आगे सदन का काम चलाइये। (व्यवधान) राज्य की जनता को एक आदमी रेन्सम पर नहीं रख सकता। उपाध्यक्ष महोदय, सरकार किसी भी स्टेज पर जाने के लिए तैयार है। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपस में बात मत कीजिये। माननीय सदस्य, आप आसन की बात सुनना नहीं चाहते। बैठ जाइये। आप आसन की बात नहीं सुनना चाहते। आप मुझे बोलने दीजिये। आप आसन को बोलने दीजिये। आप क्यों बीच में बोल रहे हैं? (व्यवधान)

श्री सांवर लाल (सिंचाई मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, जो भी कहना है नेता प्रतिपक्ष कह सकते हैं। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मेरा आपसे निवेदन है कि मुख्य मंत्री जी ने राय मांगी थी।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माफी चाहूंगा, विधान सभा अध्यक्ष ने राय मांगी थी और उनकी मांग पर मांगी थी। एडवोकेट जनरल की जो ओपीनियन आई है, विधान सभा सैक्रेटरी को भेजा है। यह विधान सभा अध्यक्ष जी ने मांगी है। (व्यवधान)

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): यह क्या हो रहा है आपको, ये नहीं देख रहे हैं जो वो खड़े हैं। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: यह स्पीकर महोदय की तरफ से राय मांगी गई थी और आपका रिप्रजेंटेशन आने के बाद मांगी गई थी। उसके ऊपर राय आई है, आप इस राय को पढ़कर के.....

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): यह कोई बात है, आज क्यों आई है? आज क्यों आई है? आज क्यों आ रही है यह बता दीजिये आप। (व्यवधान)

श्री लक्ष्मीनारायण दवे (खनिज मंत्री): राय लेने में टाइम लगता है तो लगता है। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: इसमें कोई समय सीमा तय नहीं थी। एडवोकेट जनरल ने अपनी मेहनत करके जो उन्होंने टाइम लिया वह टाइम उनको दिया गया और उन्होंने अपनी राय भेजी है। आप इस राय को देखिये और उसके बाद भी बहस करना चाहेंगे तो आपको बहस का मौका दिया जाएगा। इसमें कौनसी दिक्कत आ गई?

डा. एन. एस. गुर्जर (सहकारिता मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, एक मिनट अलाऊ करेंगे? आप बोल रहे हैं?

श्री उपाध्यक्ष: नेता, प्रतिपक्ष बोल रहे हैं।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): उपाध्यक्ष महोदय, यह तीन दिन से विधान सभा में गतिरोध बना हुआ है और कोई समस्या का मुद्दा यहां पर उठाया नहीं जा सका, बहुत ही दुःख की बात है। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः आप बात सुनिये। (व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): मैं कल भी इस पर बोलना चाहता था, आपने मुझे अनुमति भी प्रदान की पर आपकी अनुमति के बावजूद भी सत्ता पक्ष ने मुझे बोलने नहीं दिया। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : आपके लोगों ने।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): उपाध्यक्ष महोदय, अगर मुझे बोलने की अनुमति हो और आप इनको चुप रखें तो मैं बोलूं नहीं तो फिर बोलने से कोई फायदा नहीं, बाकी तो चल ही रहा है जैसा चल रहा है।

श्री उपाध्यक्षः कोई बीच में डिस्टर्ब नहीं करेगा।

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): तो उपाध्यक्ष महोदय, कल ही आपने मुझे अनुमति दी और आपकी अनुमति का कुछ नहीं हुआ, आपकी अनुमति के बावजूद भी मैं एक शब्द नहीं बोल सका और मुझे बोलना था वो बोलने से वंचित रहा। बड़ी कृपा हुई आपकी कि अभी आपने मुझे अनुमति दी। बीच में उन्होंने फिर व्यवधान शुरू किया, आपने इनको रोका या इन्हें ईश्वर ने सद्बुद्धि दी कि ये चुप हो गये। मुख्य मंत्री जी, इसमें हंसने की बात नहीं है।

श्री उपाध्यक्षः शांत रहिये। शांत रहिये। (व्यवधान)

श्री हेमाराम चौधरी (नेता, प्रतिपक्ष): यह हमारे लिए बहुत सोचने की बात है, मरण की बात है। यह विधान सभा है और आपको और हमको जनता ने इसलिए नहीं भेजा कि अपन यहां पर जूतम-फांक करें। (व्यवधान)

श्रीमती वसुन्धरा राजे (मुख्य मंत्री): देखिये, यह नहीं चलेगा, यह नहीं चलेगा। आपको जो बोलना है वह बोल दीजिये न। आपने अभी यह प्रतिक्रिया, यह हुआ, आप बोल दीजिये। हमको अगर दुःख नहीं होता तो इतने हल्ले के बावजूद हम इस हाउस में आकर इसको रोकने की कोशिश नहीं करते। हम बार बार आपको कह रहे हैं, आपने ओपीनियन मांगी है, स्पीकर महोदय ने ओपीनियन मांगी है वह ओपीनियन आ गई है, वह ओपीनियन आपके सामने रखी हुई है। पूरे अख़बार लिख रहे हैं, पूरा प्रदेश हमें देख रहा है कि यहां किस तरीके से क्या हो रहा है, हम लोगों के ऊपर पैसा खर्च हो रहा है, हम लोगों को शर्मिन्दा होना चाहिए इसके ऊपर। हम कह रहे हैं कि बैठकर के बात करिये। (व्यवधान) माफी किस बात की? यहां आपके सामने ओपीनियन आई हुई है, मैं क्या कह रही हूं आपको, पढ़िये ओपीनियन और उस ओपीनियन को पढ़ने के बाद आपको जो बहस करनी है वह करिये, उस बहस का जवाब देने

(श्रीमती वसन्धुरा राजे)

के लिए हम लोग खड़े हैं। आपको यहां हाउस में नहीं करना है तो बाहर चलिये, बाहर बैठकर के उसको सुलझायें परन्तु राजस्थान की जनता को ताक पर मत रखिये। मैं यही कह रही हूं आपको। (व्यवधान)

डा. सी. पी. जोशी (नाथद्वारा): मुख्य मंत्री जी, लीडर आफ अपोजिशन को बोलने नहीं दे रहे, डरा रहे हैं, ऐसे थोड़े ही होता है। (व्यवधान) ये कुछ बोल रहे थे। उपाध्यक्ष महोदय, ये कुछ बोल रहे थे, मुख्य मंत्री जी, ये बोल रहे थे, आपको तो सम्मान रखना चाहिए, ये कुछ बोल रहे थे। आपने खुद ने उनको वहां बोलने नहीं दिया। यह तो कोई तरीका नहीं है लोकतंत्र में। बोलने नहीं दे रहे हैं, आप खुद खड़े हो गये, इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। एक चीफ मिनिस्टर लीडर आफ अपोजिशन को बोलने नहीं दे। (व्यवधान) यह कोई तरीका है? (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): बोलने से कौन रोक रहा है? बोलने से कौन रोक रहा है? बोलने से आप रोकते हो। (व्यवधान) प्रतिपक्ष के नेता के रूप में.... (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): .... माननीय मुख्य मंत्री जी, 4-4 संसदीय सचिव बना दिये और राज्य का उन पर खर्चा हो रहा है। (व्यवधान) संसदीय सचिव बनाकर के गैर कानूनी काम कर दिया। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: कृपया शांत रहें।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही): राजस्थान की पार्लियामेंट्री हिस्ट्री में अपोजिशन लीडर के साथ लीडर आफ द हाउस ने ऐसा बिहेवियर कभी नहीं किया होगा। ऐसा बिहेवियर कभी नहीं किया होगा। शेमफुल है यह। (व्यवधान) शर्म की बात है। (व्यवधान)

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी)

एक माननीय सदस्य : कल जब ये नेता बोल रहे थे तो संयम लोढ़ा डिस्टर्ब कर रहे थे। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्रादि। श्री घनश्याम तिवाड़ी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एक अधिसूचना सदन की मेज पर रखेंगे।

सदन पटल पर रखे गये पत्र

अधिसूचनाएं

आबकारी विभाग

श्री घनश्याम तिवाड़ी (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अधिसूचना संख्या: एफ.4(6)वित्त/आब/2007 दिनांक 05 नवम्बर, 2007 जिसके द्वारा राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड, श्रीगंगानगर को नई शुगर फैक्ट्री स्थापित करने हेतु अवाप्त की जाने वाली भूमि अवाप्ति की सूचना जारी की गई है, सदन की मेज पर रखता हूं। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: श्री राजेन्द्र राठौड़, सार्वजनिक निर्माण मंत्री एक अधिसूचना सदन की मेज पर रखेंगे। (व्यवधान)

सार्वजनिक निर्माण विभाग

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, मैं अधिसूचना संख्या: एफ.8(58)/सानि/77/460 दिनांक 3 अगस्त, 2007 जिसके द्वारा समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 27.10.1994 (समय-समय पर यथा संशोधित) में संशोधन किया गया है, सदन की मेज पर रखता हूं। (व्यवधान)

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी)

डा. ओ. पी. महेन्द्रा (सरकारी उप मुख्य सचेतक): यह तो वही बात हो गई कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। (व्यवधान)

विधायी कार्य: विधेयक का पुर:स्थापन

श्री उपाध्यक्ष: विधायी कार्य, विधेयक का पुर:स्थापन। प्रभारी मंत्री श्री रामनारायण डूडी प्रस्ताव करेंगे। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): ये आपके कर्मों को रो रहे हैं। ये आपके कर्मों को रो रहे हैं। (व्यवधान)

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी)

राजस्थान भूदान यज्ञ (संशोधन) विधेयक, 2008

श्री रामनारायण डूडी (राजस्व मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान भूदान यज्ञ (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाये।

श्री उपाध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान भूदान यज्ञ (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाये?

(स्वीकृत)

विधेयक को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई। प्रभारी मंत्री विधेयक को पुर:स्थापित करेंगे। (व्यवधान)

श्री रामनारायण डूडी (राजस्व मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान भूदान यज्ञ (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुर:स्थापित करता हूं। (व्यवधान)

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में आकर नारेबाजी)

श्री उपाध्यक्ष: सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित की जाती है। एक घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 13.32 बजे, एक घंटे तक के लिए स्थगित हुई)

(14.33 बजे)

पुन: समवेत् होने पर

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष, पदासीन)

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): उपाध्यक्ष महोदय, थोड़ा-बहुत हमारी तरफ भी देखा करो, आप तो उधर ही उधर देखते हो।

श्री उपाध्यक्ष: आपकी तरफ ही ज्यादा देखते हैं भई।

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): अब आपका पता नहीं चश्मे का नम्बर बदल गया या क्या हो गया।

श्री उपाध्यक्ष: आपकी तरफ ही देखते हैं ज्यादा तो। (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): थोड़ा-बहुत हमारी तरफ भी तो, हम कुछ कहना चाहें तो हमको इजाजत ही नहीं...

श्री उपाध्यक्ष: ज्यादा आपकी तरफ ही देखते हैं।

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): घनश्यामजी खड़े हो जायें, सांवरजी खड़े हो जायें, राजेन्द्र राठौड़ जब खड़े हो जायं, उनको बोलने देते हो, आप हमारी तरफ देखते ही नहीं हैं, इतनी खराब शक्ल तो नहीं है हमारी। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: ज्यादा तो आपकी तरफ ही देखते हैं।

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): हमारे को भी देखो, हमारी बात तो सुना करो साहब। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: ज्यादा तो आपकी तरफ ही देखते हैं भई। (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): हम तुम्हें रूलायेंगे, हम तुम्हें रूलायेंगे। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: यह क्या है... (व्यवधान)

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही): उपाध्यक्ष महोदय, सदन में जब प्रतिपक्ष के नेता बोल रहे थे, माननीय मुख्य मंत्री ने जिस तरह का...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: अगर आप जिद रहे हैं, स्थान ग्रहण कीजिये, माननीय सदस्य। (व्यवधान) आप स्थान ग्रहण कीजिये पहले। पहले मंत्रीजी खड़े हो गये हैं, इनको बोलने दीजिये, पहले। (व्यवधान)

श्री रणवीर सिंह गुढा (गुढा): उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान की विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता के साथ में जिस तरह....(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, एक मिनट। एक मिनट। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: तो आपने ही कल डिस्टर्ब किया था प्रतिपक्ष के नेता को, इसलिए आज आंसू आये हैं उनके। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): उपाध्यक्ष महोदय, जिस विषय को लेकर सदन में गतिरोध था, सदन की नेता ने भी कुछ कहा और अब जब हाउस एडजोर्न हुआ था तब प्रतिपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के बीच में आपस में सौहार्दपूर्ण वातावरण में बात भी हुई है और आपने भी फरमाया है, कल सुबह दस बजे हम आपके चैम्बर में बैठ कर सदन सुचारू रूप से चले, राज्य की जनता के यहां जो भी दु:ख-तकलीफ के विषय हैं वह यहां आये, यह सभी पक्ष चाहते हैं उपाध्यक्ष महोदय, चूंकि आज सदन का वातावरण थोड़ा भावुक हो उठा प्रतिपक्ष के नेता के भावुक होने के कारण, इसलिए अगर आप कल तक के लिए, हमारी कार्यसूची में सिर्फ एक छोटा सा बिल ले करना है, उसके बाद कल तक के लिए अगर एडजोर्न कर दें, तो कल बैठ कर अच्छे वातावरण में हम इस कार्यवाही को आगे चलायेंगे। (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर): आप हमारी भी सुनो उपाध्यक्ष महोदय। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: यह विधेयक तो पुर:स्थापित कर लें। (व्यवधान)

श्री रामलाल (बनेड़ा): नहीं, यह मंत्री रो लिये, सी.एम. भी रो ली... (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): नहीं, आप ही ने कहा है..

श्री रामनारायण चौधरी: आपका प्रस्ताव ठीक है लेकिन...(व्यवधान)

श्री रामलाल (बनेड़ा): कलक्टर रो लिया, सैक्रेटरी रो लिये, सब को रूला रहे हैं..(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: एक विधेयक पुर:स्थापित कर देते हैं।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): हां, हां, कर लीजिये उपाध्यक्ष महोदय।

एक माननीय सदस्य: तो और रोना है....

श्री रामलाल (बनेड़ा): तुम्हारा नम्बर है, हम तो रो लिये पहले। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री): चलो, कल कर लें। कल कर लेंगे। (व्यवधान) ठीक है, कल कर लेंगे। कल कर लेंगे उपाध्यक्ष महोदय। कल कर लेंगे अगर कोई, यह जो ले करना है, कल ले कर देंगे, कल कर देंगे, कोई बात नहीं, कल कर देंगे। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष: सदन की बैठक कल 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 14.35 बजे गुरुवार, दिनांक 21 फरवरी, 2008 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

समयाभाव के कारण सदन में नहीं लिये जा सके तारांकित प्रश्नोत्तर

सर्व शिक्षा अभियानान्तर्गत केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि

21. डा. चन्द्रशेखर बैद (तारानगर) एवं **श्री जुबेर खान** (रामगढ़) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत केन्द्र सरकार से वर्ष 2004 से अब तक कब-कब कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई एवं प्राप्त राशि के विरुद्ध कितनी राशि का व्यय किस मद में कब व कितना किया गया? मदवार व वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त अभियान के अन्तर्गत प्राप्त राशि में से वर्ष 2004 से अब तक कितनी राशि कब-कब किस मद में जिला स्तर पर उपलब्ध कराई गई? वर्षवार व जिलेवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वर्ष 2004 से अब तक उक्त अभियान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि में से कितनी राशि विभिन्न मदों में शेष रही? वर्षवार व मदवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट के आधार पर केन्द्रांश प्राप्त होता है। राशि की प्राप्ति मदवार बजट आबंटन के रूप में प्राप्त नहीं होती है। केन्द्र सरकार से सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2004 से अब तक प्राप्त राशि एवं व्यय का विवरण निम्नानुसार है :-

(राशि करोड़ों में)

वर्ष	केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि	केन्द्रांश के विरूद्ध व्यय राशि
2004-05	230.00	289.42
2005-06	588.29	577.86
2006-07	751.38	829.74
2007-08	933.04	623.67 (जनवरी, 08 तक)

वर्षवार एवं मदवार व्यय का विवरण परिशिष्ट ''क'' पर संलग्न है।

(शिक्षा मंत्री)

(2) जिलों को समेकित रूप से पूर्व निर्धारित गतिविधियों के लिये एक साथ राशि स्थानान्तरित की जाती हैं। वर्षवार व जिलेवार विवरण परिशिष्ट ''ख'' पर संलग्न है।

(3) सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार से अनुपातिक निर्धारित अंश पर राशि प्राप्ति होती हैं। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से राशि विभिन्न किश्तों में प्राप्त होती हैं, जिसका मदवार विभाजन नहीं होता हैं। वर्ष 2004-05 से 2006-07 तक केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि में से कोई राशि शेष नहीं है। वर्ष 2007-08 में केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि 933.04 करोड़ रुपये में से जनवरी, 08 तक 623.67 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं।

वर्षवार एवं मदवार व्यय का विवरण परिशिष्ट ''क'' में सम्मिलित हैं।

परिशिष्ट "क"

ACTIVITY WISE EXPENDITURE IN SARVA SHIKSHA ABHIYAN

(Rs.In lacs)

S. No.	Name of Activities	AWP & B 04-05	EXP. 04-05	Exp. Against Central Share	AWP&B 05-06	Total Exp. 05-06	Exp. Against Central Share	AWP&B 06-07	Exp. 06-07	Exp. Against Central Share	AWP&B 06-07	Exp. 07-08	Exp. Against Central Share
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	Teacher salary-I	15699.240	7754.02	5815.51	32662.140	29688.378	22266.28	43418.480	37754.287	28315.72	80755.574	58610.830	38097.0394
2	Free Text Book for UPS SC/ST	409.173	0.00	0.00	0.000	0.000	0.00	466.440	478.860	359.15	739.776	598.387	388.95142
3	Civil Work	24162.614	18605.76	13954.32	29541.182	29503.113	22127.34	51788.040	49110.721	36833.04	31484.936	22142.485	14392.61533
4	Maintenacne & Repairs	2292.600	2057.45	1543.09	1463.700	1407.100	1055.32	2344.230	2311.645	1733.73	1067.217	1004.992	653.2447025
5	TLE	2699.656	1628.04	1221.03	2190.125	1345.876	1009.41	2647.730	2424.060	1818.04	4481.600	421.535	273.997763
6	School Grant	628.740	532.38	399.29	630.000	600.117	450.09	1053.960	1040.788	780.59	1316.380	1264.070	821.6457405
7	Teachers Grant	736.320	563.67	422.75	690.000	662.923	497.19	538.940	576.451	432.34	1002.375	894.383	581.34882
8	Teachers Training	1977.460	994.66	746.00	2270.330	1255.425	941.57	1643.070	1573.967	1180.48	2983.771	1506.217	979.0408661
9	Training for Community Leaders	76.960	49.44	37.08	68.190	57.135	42.85	244.650	267.854	200.89	241.835	229.780	149.3571151
10	Provision for Disabled Children	374.632	160.43	120.32	411.890	402.916	302.19	1789.120	1589.20	1191.92	2006.258	985.901	640.8359003
11	Research, Evaluation, Supervision and monitoring	696.660	293.21	219.91	404.390	257.755	193.32	771.320	520.181	390.14	921.466	217.214	141.189009
12	Management Cost	2016.070	1234.71	926.04	2580.670	1855.531	1391.65	4082.340	2924.102	2193.08	5532.953	2733.476	1776.759588
13	Innovation	1095.000	639.68	479.76	1155.360	1020.180	765.14	1564.510	1149.746	862.31	1604.000	194.755	126.5909814
14	Block Resource Center	232.000	154.08	115.56	469.690	328.055	246.14	513.510	326.904	245.18	445.590	277.987	180.6917159

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
15	Cluster Resource Center	1337.230	220.02	165.02	1425.240	805.648	604.24	1455.620	1005.697	754.27	2819.999	1046.960	680.5242165
16	Interventions for out of School Children	7329.660	3701.30	2775.97	7353.230	5190.712	3893.03	9208.920	5909.049	4431.79	6147.270	2009.619	1306.252038
17	Management Cost (BRC/CRC/RP)			0.00			0.00	0.000	1668.102	1251.08	0.000	1810.629	1176.909024
	Total	61764.02	38588.86	28941.64	83316.14	74380.86	55785.65	123530.86	110631.63	82973.73	143545.000	95949.221	62366.99362
	Central Share As per	46323.00			62489.00			92648.00			93304.000		
	Central Share Received	23000.00			58829.00			75138.00			93304.000		
	Total Central From 2004-05 to 2006-07	156967.00											
	Expenditure upto 2006-07	167701.02											

परिशिष्ट ''ख''

सर्व शिक्षा अभियान

वर्ष 2003-04 से 2007-08 (Dec. 07) तक प्रत्येक जिले को आबंटित राशि का विवरण

(राशि लाखों में)

क्र. सं.	जिले का नाम	जिलों को राशि स्थानान्तरित वर्ष 2003-04	जिलों को राशि स्थानान्तरित वर्ष 2004-05	जिलों को राशि स्थानान्तरित वर्ष 2005-06	जिलों को राशि स्थानान्तरित वर्ष 2006-07	जिलों को राशि स्थानान्तरित वर्ष 2007-08	Total 03-04 to Jan. 08
S. No.	Name of District	Funds transferred in 03-04	Funds transferred in 04-05	Funds transferred in 05-06	Funds transferred in 06-07	Funds transferred in 07-08	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Ajmer	743.87	1156.09	2184.39	2972.23	2880.00	9936.58
2	Alwar	1192.41	1123.03	3133.78	5483.04	3917.00	14849.26
3	Banswara	1168.07	1858.62	3161.90	5501.10	4770.00	16459.70
4	Baran	628.10	704.37	1874.65	2195.50	2446.00	7843.62
5	Barmer	1383.11	2337.66	4362.37	7179.24	7481.00	22743.38
6	Bharatpur	590.38	835.91	1755.72	2515.66	2218.00	7915.67
7	Bhilwara	824.72	1310.05	2148.80	3938.62	4120.00	12342.19
8	Bikaner	764.45	1120.62	2860.99	3605.02	3433.00	11784.08
9	Bundi	607.89	660.25	1040.74	1638.70	1775.00	5722.58
10	Chittorgarh	897.75	1572.56	3060.18	3586.15	4330.00	13446.64
11	Churu	561.57	521.99	1750.30	2320.88	1875.00	7029.74
12	Dausa	674.09	769.41	1443.14	2142.80	2170.00	7199.44
13	Dholpur	458.55	584.98	1358.72	1809.34	1750.00	5961.60

1	2	3	4	5	6	7	8
14	Dungarpur	677.78	1655.45	1970.03	3961.13	4070.00	12334.39
15	Ganganagar	884.78	649.17	1409.18	3346.74	2420.00	8709.87
16	Hanumangarh	615.97	688.82	1122.02	2421.27	1548.00	6396.09
17	Jaipur	1368.83	2079.25	3932.72	5037.04	5200.00	17617.83
18	Jaisalmer	393.15	989.39	1496.55	2717.80	2600.00	8196.89
19	Jalore	815.24	1339.49	2914.75	2991.17	4200.00	12260.66
20	Jhalawar	637.26	759.73	2115.98	2933.03	2872.00	9354.20
21	Jhunjhunu	687.26	963.74	2065.35	2694.49	2817.00	9227.84
22	Jodhpur	1391.24	2265.75	4393.97	5051.54	5685.00	18787.50
23	Karauli	566.55	725.83	1696.52	2185.74	2270.00	7444.64
24	Kota	424.12	564.93	1372.32	2041.10	2250.00	6652.46
25	Nagaur	1152.42	1822.02	3539.32	4678.29	5400.00	16592.05
26	Pali	759.51	1174.68	2945.59	3502.28	3172.00	11554.06
27	Rajsamand	698.70	1022.02	2315.38	2530.58	2940.00	9507.48
28	S. Madhopur	599.12	461.90	1321.10	2579.60	1620.00	6581.61
29	Sikar	874.52	1123.65	2744.77	3282.67	3530.00	11555.61
30	Sirohi	532.24	511.33	1269.84	2030.52	2270.00	6613.93
31	Tonk	584.96	644.29	1780.92	2513.31	2491.00	8014.48
32	Udaipur	1874.75	2143.58	4536.51	4868.66	6050.00	19473.50
	Total	**26033.56**	**36141.37**	**75114.48**	**106255.25**	**106570.00**	**350114.66**

डेगाना विधान सभा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में व्याप्त अनियमितताएं

22. **श्री रिछपाल सिंह मिर्धा** (डेगाना) : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र डेगाना में वर्तमान में कुल कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं एवं गत चार वर्षों में कितने केन्द्र खोले गये? स्थानवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) संचालित केन्द्रों पर नामांकित बच्चों की संख्या कितनी है? कितना पोषाहार प्रतिदिन आबंटित व वितरित किया जा रहा है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में गत तीन वर्षों के दौरान पोषाहार वितरण में अनेक स्थानों पर अनियमितताएं हुई हैं? यदि हां, तो कहां-कहां? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) उक्त अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों की जांच किन अधिकारियों द्वारा कब-कब की गई व उसके नतीजे क्या रहे? दोषियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र डेगाना में वर्तमान में कुल 272 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 4 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। ग्रामवार विवरण परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है। गत 4 वर्षों में कुल 77 नये आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गये है। ग्रामवार विवरण परिशिष्ट 'ब' पर संलग्न है।

(2) उक्त 276 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कुल 21,720 बच्चे पंजीकृत हैं। विभागीय नार्म्स के अनुसार प्रतिदिन प्रति लाभार्थी आबंटित एवं वितरित किये जाने वाले पोषाहार का विवरण परिशिष्ट ''स'' पर संलग्न है।

(3) विभाग को गत तीन वर्षों के दौरान उक्त क्षेत्र के तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों (i) ग्राम मेवड़ा पंचायत समिति डेगाना (ii) ग्राम पिपलिया पंचायत समिति रियाबडी (iii) ग्राम लाडपुरा पंचायत समिति रियाबडी पर पोषाहार वितरण में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई।

(4) उक्त अनियमितताओं की प्राप्त शिकायतों की जांच से संबंधित विस्तृत विवरण परिशिष्ट ''द'' पर संलग्न है। संक्षिप्त में विवरण निम्नानुसार है -

(महिला एवं बाल विकास मंत्री)

आंगनबाड़ी केन्द्र (i) ग्राम मेवडा की प्राप्त शिकायत की जांच में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दोषी पाये जाने के कारण मानदेय सेवा से हटा दिया गया है।

आंगनबाड़ी केन्द्र (ii) पिपलिया, पंचायत समिति रियाबड़ी की प्राप्त शिकायत निराधार पायी गयी।

आंगनबाडी केन्द्र (iii) ग्राम लाडपुरा पंचायत समिति रियाबडी की प्राप्त शिकायत निराधार पायी गयी।

(विवरण आदि विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखा गया)

विश्वकर्मा पेन्शन योजनान्तर्गत लाभान्वित श्रमिक

23. श्री अमराराम (धोद) **:** क्या श्रम एवं नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) राज्य में असंगठित मजदूरों के लिए विश्वकर्मा पेंशन योजना कब से लागू की गई तथा इसके क्या मानदण्ड हैं?

(2) जनवरी, 2008 तक इस योजना में जिलेवार कितने श्रमिकों को लाभ दिया गया? संख्या सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) राज्य में असंगठित मजदूरों के लिए राजस्थान विश्वकर्मा गैर संगठित कामगार अंशदायी पेंशन योजना 1 सितम्बर, 2007 से लागू की गई। इसके पात्रता के निम्न मानदण्ड है :-

1. इस योजना में 18 से 50 वर्ष की आयु का कोई पुरूष या महिला जो राजस्थान का वास्तविक निवासी हो।
2. वह आवेदन देने की तारीख को कम से कम 7 वर्ष की अवधि से राजस्थान में रह रहा हो।
3. योजना की अनुसूची प्रथम (संलग्न परिशिष्ट ''अ'') में वर्णित किसी व्यवसाय अथवा नियोजन में कार्य कर रहा हो।
4. कोई भी सदस्य 60 वर्ष की आयु पर या 60 वर्ष की आयु से पूर्व मृत्यु होने पर, जैसा भी मानला हो, योजना से बाहर माना जावेगा।

(श्रम एवं नियोजन मंत्री)

(2) (अ) जनवरी, 2008 तक राज्य में 5069 श्रमिकों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है जिनका जिलेवार विवरण परिशिष्ट ''ब'' पर संलग्न है।

(ब) जहां तक श्रमिकों को लाभ देने का प्रश्न है- चूंकि यह एक अंशदायी पेंशन योजना है अत: श्रमिक को इसका लाभ योजना की शर्तो के अनुरूप पेंशन हेतु निर्धारित अवधि के पूरा होने पर तथा वांछित अंशदान जमा कराने पर ही देय होगा।

(स) प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच करके श्रमिकों के अंशदान को जमा कराने हेतु अग्रिम कार्यवाही अमल में लाने हेतु विभागीय अधिकारियों को ''प्राधिकृत'' कर दिया गया है।

(द) इस योजना को त्वरित गति से लागू करने हेतु निजी क्षेत्र की कम्पनी IIMPS (Invest India Micro Pension System) को भी 11 जनवरी, 2008 को नियुक्त किया जा चुका है।

परिशिष्ट ''अ''

प्रथम अनुसूची (नियम-2)

गैर संगठित क्षेत्र के व्यवसाय, जिन पर राजस्थान विश्वकर्मा गैर संगठित कामगार (अंशदायी पेन्शन) योजना 2007 लागू है

क्र. सं.	व्यवसाय	क्र. सं.	व्यवसाय
1	रिक्शा चालक	11	बीडी कामगार
2	सभी प्रकार के थडी वाले	12	भवन एवं अन्य सनिर्माण कामगार
3	चर्मकार	13	धोबी
4	हमाल	14	दर्जी
5	टेक्सी ड्राईवर	15	कुम्हार
6	घरेलू नौकर	16	ठेला चालक
7	मोटर मैकेनिक	17	बढई
8	नाई	18	स्व-नियोजित इलेक्ट्रीशियन
9	मूर्तिकार एवं पत्थर तराशी	19	लौहार
10	दुकानों, होटलों एवं ढ़ाबों पर कार्य करने वाले कामगार	20	सैनेट्री फिटिंग्स कामगार

परिशिष्ट "ब"

PROGRESS OF VISHWAKARMA PENSION SCHEME

S. No.	NAME OF DISTRICT	NUMBER OF APPLICATIONS (UPTO 31-1-08)
1.	Ajmer	577
2.	Bhilwara	150
3.	Tonk	210
4.	Nagaur	35
5.	Bikaner	113
6.	Sri Ganganagar	100
7.	Churu	50
8.	Hanumangarh	120
9.	Jaipur	550
10.	Alwar	650
11.	Sikar	131
12.	Dholpur	150
13.	Bharatpur	135
14.	Dausa	136
15.	Jhunjhunu	101
16.	Jodhpur	135
17.	Jalore	100
18.	Pali	110
19.	Sirohi	70
20.	Jaisalmer	-
21.	Balotra (Barmer)	125
22.	Kota	305
23.	Sawai Madhopur	141
24.	Jhalawar	113
25.	Bundi	114
26.	Baran	100
27.	Karauli	50
28.	Udaipur	180
29.	Chittorgarh	99
30.	Banswara	59
31.	Rajsamand	100
32.	Dungarpur	50
	Total	**5069**

वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में सड़क निर्माण में प्रतिबन्ध पर राहत

24. श्री रामचन्द्र सराधना (जमआरामगढ़) : क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र में उच्च/उच्चतम न्यायालय द्वारा किन-किन गतिविधियों पर रोक लगाई गई है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र में रहने वाले गरीब आदिवासी लोगों के आने जाने हेतु सड़क निर्माण की क्या कार्य योजना है?

(3) क्या यह सही है कि जिस क्षेत्र में वर्षों से ग्रेवल और डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्मित है और आवागमन के साधन आते जाते हैं उन कच्ची सड़कों पर पक्की सड़क बनाये जाने पर सरकार द्वारा रोक लगा दी जाती है? यदि हां, तो क्यों?

(4) क्या सरकार वन क्षेत्र के लोगों को इस कठिनाई से मुक्ति दिलाकर व्यावहारिक नजरिये से सड़क निर्माण पर लगी रोक हटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो उसके लिए क्या वैकल्पिक योजना है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 14.2.200 द्वारा वन्यजीव अभयारण्यों में से मृत, रोग ग्रस्त एवं हवा से गिरे पेड़ों को हटाने, बहकर आयी हुई लकड़ी एवं घास की निकासी को प्रतिबन्धित किया गया है।

माननीय उच्च्तम न्यायालय के आदेश दिनांक 13.11.2000 द्वारा अभ्यारण्यों की भूमि का अनारक्षण करने पर रोक लगाई है।

इसके उपरांत माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 25.11.2005 एवं 14.09.2007 द्वारा अपने पूर्व आदेश दिनांक 14.2.2000 से लगाई गई रोक में कुछ गतिविधियों में छूट प्रदान की है।

(2) वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में विद्यमान गांवों को सड़क से जोड़ने हेतु प्राप्त प्रस्तावों में वांछित वन भूमि के वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैर वानिकी उपयोग हेतु प्रतयावर्तित कराया जाना आवश्यक होता है। किन्तु वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में प्रतयावर्तन प्रस्ताव भारत सरकार को भेजने से पूर्व राज्य वन्य जीव मण्डल, राष्ट्रीय वन्यजीव मण्डल एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्रस्तावों का अनुमोदन कराया जाना आवश्यक है। केन्द्र सरकार से प्रत्यावर्तन की अनुमति प्राप्त होने पर ही सड़क निर्माण की कार्यवाही सम्पादित की जाती है।

(वन राज्य मंत्री)

OCT' 07	81	81	8	15	8	160	48	20	102	25	393	21	32	21	9	48	49	20	76	1217
NOV' 07	94	89	9	16	12	143	48	23	118	27	464	15	34	21	10	46	51	19	68	1307
DEC' 07	136	112	10	21	19	166	64	29	154	37	589	18	47	30	17	56	62	26	69	1662
JAN' 08 TENTA-TIVE	162	105	9	22	17	183	69	28	165	45	634	20	59	35	19	63	63	28	69	1797
TOT/AVG APR-JAN	**102**	**70**	**7**	**12**	**9**	**155**	**53**	**23**	**107**	**32**	**444**	**14**	**46**	**23**	**8**	**50**	**47**	**19**	**64**	**1285**

प्रदर्श-2

RAJASTHAN COOPERATIVE DAIRY FEDERATION LTD., JAIPUR
MONTHWISE PROGRESS STATUS : CITY SUPPLY

MONTH	AJM	ALW	BNS	BAR	BHR	BHL	BIN	CHU	GNG	JAL	JPR	JHL	JDP	KTA	NGR	PLI	SKR	TNK	UDP	TOT/AVG
MILK PROCUREMENT (TKGPD)																				
APR' 07	100.3	118.6	5.7	0.0	2.7	145.1	21.6	6.6	46.6	18.0	541.9	11.7	91.6	39.0	0.0	28.3	30.3	21.3	80.8	1310
MAY'07	102.8	126.1	5.8	0.0	1.6	140.3	16.6	5.5	42.2	18.5	529.1	11.9	79.2	39.8	0.0	27.3	26.3	20.3	74.2	1268
JUN' 07	113.9	125.0	4.6	0.0	2.3	158.4	19.9	7.2	43.2	16.6	553.1	7.9	81.9	49.2	0.0	26.9	32.3	24.1	64.7	1331
JUL' 07	116.9	100.5	4.1	7.5	1.9	137.3	18.5	7.2	41.4	12.1	553.8	7.8	66.9	48.4	14.2	24.1	30.3	22.8	61.2	1277
AUG' 07	111.1	112.7	4.3	7.0	1.5	130.2	20.8	5.4	41.4	10.9	555.9	6.8	70.4	45.1	13.5	23.1	27.4	19.5	60.8	1268
SEP' 07	111.1	103.2	5.1	7.5	1.5	115.1	20.3	5.1	38.1	11.2	523.5	5.7	72.4	43.7	13.1	23.6	23.9	18.0	61.2	1203
OCT' 07	121.2	102.7	6.1	6.8	1.7	122.4	20.1	5.2	36.2	11.8	544.8	6.7	70.4	48.5	13.4	28.1	22.8	21.2	68.0	1258
NOV' 07	108.8	89.3	5.6	6.2	1.4	119.5	17.4	7.5	36.9	12.1	512.0	7.1	64.7	39.7	15.2	25.4	26.8	18.5	70.1	1184
DEC' 07	87.0	81.5	6.4	5.1	1.3	112.3	16.3	3.6	31.9	9.8	457.9	6.4	57.2	39.2	13.9	20.2	16.2	16.5	63.2	1046
JAN' 08	85.3	82.9	7.2	6.7	1.2	115.5	16.1	3.0	31.1	10.4	456.1	6.0	57.7	40.1	12.0	18.8	15.7	17.0	66.2	1049
FEB' 8																				
MAR' 08																				
TOT/AVG APR-JAN Ian Tentative	**105.8**	**104.2**	**5.5**	**4.7**	**1.7**	**129.6**	**18.8**	**5.6**	**38.9**	**13.1**	**522.7**	**7.8**	**71.2**	**43.3**	**9.6**	**24.6**	**25.2**	**19.9**	**67.0**	**1219**

सहाड़ा में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजनानतर्गत लाभान्वित परिवार

35. **श्री कैलाश त्रिवेदी** (सहाड़ा) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र सहाड़ा में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत गत दो वर्षों में कितने चयनित परिवारों को विद्युत कनेक्शन दे दिये गये व कितने वंचित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त योजना से वंचित रहे परिवारों को भी विद्युत कनेक्शन देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र सहाडा में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत गत दो वर्षों में चयनित बी.पी.एल. परिवारों को जारी किये गये एवं लम्बित कनेक्शनों का विवरण निम्न प्रकार है :-

पं.स. का नाम	जारी कनेक्शन	लम्बित कनेक्शन
रायपुर	1067	119
सहाड़ा	1145	692

(2) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से लम्बित रहे चयनित परिवारों को भी माह मार्च, 2008 तक कनेक्शन जारी कर दिये जायेंगे।

अक्षत योजनान्तर्गत लाभान्वित बेरोजगार

36. **श्री हरिमोहन शर्मा** (हिण्डौली) एवं **श्री लालचन्द कटारिया** (आमेर) : क्या श्रम एवं नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि बेरोजगारों को भत्ता देने के लिये अक्षत योजना राजस्थान में लागू की गई है? यदि हां, तो कब से?

(2) बेरोजगार भत्ते के लिये क्या पात्रता निर्धारत की गई है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित पात्रता रखने वाले राजस्थान के विभिन्न जिलों में कितने-कितने व्यक्ति नियोजन कार्यालय में पंजीकृत हैं और उनमें से अब तक कितने युवकों को बेरोजगारी भत्ता दिया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(श्री लालचंद कटारिया)

(4) उक्त योजना के अन्तर्गत कितने प्रार्थना-पत्र विभिन्न जिलों में अब तक विचाराधीन हैं?

उत्तर

(1) जी हां। स्नातक बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने के लिये राजस्थान बेरोजगारी भत्ता योजना (अक्षत योजना) दिनांक 01.07.2007 से लागू कर दी है।

(2) बेरोजगार भत्ते के लिये निर्धारित पात्रता परिशिष्ट क पर संलग्न है।

(3) इस योजना के अंतर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले राजस्थान के विभिन्न जिलों के नियोजन कार्यालयों में पंजीकृत आशार्थियों की संख्या परिशिष्ट ख पर संलग्न है। योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता रखने वाले आशार्थियों के द्वारा आवेदन करने पर नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है।

योजना के लागू होने की तिथि 01.07.2007 से 31.01.2008 तक 16736 पात्र आशार्थियों को बेरोजगारी भत्ता दिया गया है। जिलेवार विवरण परिशिष्ट ग पर उपलब्ध है।

(4) उक्त योजनान्तर्गत प्रार्थना पत्र प्राप्त होना एक सतत् प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत प्रतिमाह प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुये बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत/ अस्वीकृत कर दिया जाता है। दिनांक 31.01.2008 तक विभिन्न जिलों में 4169 प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। जिलेवार विवरण परिशिष्ट घ पर उपलब्ध है।

परिशिष्ट क

पात्रता 1-प्रार्थी राजस्थान प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये।

2- प्रार्थी को किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर राजस्थान राज्य स्थित किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्नातक का डिग्रीधारी होना चाहिये।

3- आयु सीमा- भत्ता प्राप्त करने की पात्रता हेतु कोई न्यूनतम आयु सीमा नहीं होगी परन्तु अधिनियम आयु सीमा सामान्य आशार्थियों के लिये 30 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/ जनजाति के आशार्थियों के लिये 35 वर्ष होगी।

4- प्रार्थी प्रदेश के किसी भी एक रोजगार कार्यालय में आवेदन की तिथि से विगत न्यूनतम छः माह से लगातार पंजीकृत हो। एक से अधिक रोजगार कार्यालयों में पंजीयन होने पर प्रार्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

5- यदि प्रार्थी को पंजीयन के पश्चात उक्त छः माह की अवधि में विभाग के द्वारा रोजगारोनोमुखी दक्षता प्रशिक्षण (Skill Training) प्राप्त करने हेतु किसी संस्थान में अग्रेषित (Sponsor) किया जाता है और प्रार्थी उसे अस्वीकार कर देता है तो वह इस योजना के अन्तर्गत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये अयोग्य होगा।

6- प्रार्थी अन्य किसी कोष से किसी भी प्रकार का भत्ता/छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा हो।

7- प्रार्थी किसी भी राजकीय या निजी संस्था द्वारा किसी भी पद पर से पदच्युत (बर्खास्त) नहीं किया गया हो।

8- बेरोजगारी भत्ता प्रार्थी को अधिकतम दो वर्ष की अवधि अथवा उसके नियोजन/ स्वनियोजन प्राप्त करने तक की अवधि के लिये स्वीकार्य होगा।

9- भत्ता प्राप्त करने के दौरान प्रार्थी को रोजगार कार्यालय में पंजीयन निरंतर जारी रहना चाहिये।

10- यदि एक परिवार में एक से अधिक बेरोजगार है तथा वे अन्यथा इस योजना के तहत योग्य है तो उन सभी (अधितम 2 व्यक्ति) को बेरोजगार भत्ता देय होगा।

अपात्रता

इस योजना के अंतर्गत निम्न प्रकार के आशार्थी बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने के लिये अपात्र होंगे :-

1- वे बेरोजगार इंजीनियर जो कि राज्य सरकार की बेरोजगार इंजीनियर्स को बगैर निविदा आमंत्रित किये जाने की योजना के तहत पात्रता रखते हैं।

2- इस प्रकार के बेरोजगार जो कि स्नातक उपाधि के पश्चात भी अपनी शिक्षा निरन्तर रख रहे हैं।

3- इस प्रकार के बेरोजगार स्नातक जो कि किसी अन्य रोजगार

योजना जैसे कि PMGSY, NREGA के तहत लाभ प्राप्त कर रहे है। NREGA में पंजीकृत बेरोजगार स्नातकों को भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

4- ऐसे बेरोजगार स्नातक जिनके माता पिता की संयुक्त वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो।

परिशिष्ट–ख

राजस्थान के विभिन्न जिलों के रोजगार कार्यालयों में निर्धारित योग्यता के पंजीकृत आशार्थियों की संख्या

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल आशार्थी
1	अजमेर	9357
2	अलवर	16712
3	बांसवाड़ा	6576
4	बारां	7196
5	बाडमेर	4060
6	भरतपुर	12736
7	भीलवाड़ा	4804
8	बीकानेर	8261
9	बूंदी	5868
10	चित्तौड़गढ़	4178
11	चूरू	7585
12	दौसा	11708
13	धौलपुर	3370
14	डूंगरपुर	6471
15	हनुमानगढ़	4273
16	जयपुर	43462
17	जैसलमेर	1016
18	जालौर	2790
19	झालावाड़	5894
20	झुन्झुनूं	22727
21	जोधपुर	9070
22	करौली	6548

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल आशार्थी
23	कोटा	13328
24	नागौर	8503
25	पाली	5051
26	राजसमंद	1785
27	सवाई माधोपुर	10043
28	सीकर	9275
29	सिरोही	4767
30	श्री गंगानगर	8607
31	टोंक	6838
32	उदयपुर	7822
	योग	**280681**

परिशिष्ट–ग

बेरोजगार भत्ता प्राप्त करने वाले आशार्थी

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल आशार्थी
1	अजमेर	301
2	अलवर	702
3	बांसवाड़ा	246
4	बारां	367
5	बाडमेर	342
6	भरतपुर	990
7	भीलवाड़ा	215
8	बीकानेर	329
9	बूंदी	469
10	चित्तौड़गढ़	298
11	चूरू	695
12	दौसा	1298
13	धौलपुर	433
14	डूंगरपुर	558
15	हनुमानगढ़	113

क्र.सं.	जिले का नाम	कुल आशार्थी
16	जयपुर	903
17	जैसलमेर	180
18	जालौर	221
19	झालावाड़	535
20	झुन्झुनूं	1239
21	जोधपुर	388
22	करौली	249
23	कोटा	584
24	नागौर	261
25	पाली	509
26	राजसमंद	218
27	सवाई माधोपुर	1541
28	सीकर	672
29	सिरोही	244
30	श्री गंगानगर	251
31	टोंक	1009
32	उदयपुर	376
	योग	**16736**

परिशिष्ट -घ

राजस्थान राज्य के विभिन्न जिलों में रोजगार कार्यालयों में बेरोजगारी भत्ता हेतु आशार्थियों के विचाराधीन आवेदन पत्रों का जिलेवार विवरण दिनांक 31.01.08 की स्थिति

क्र.सं.	जिले का नाम	विचाराधीन आवेदन पत्र (31.01. 2008)
1	अजमेर	46
2	अलवर	213
3	बांसवाड़ा	0
4	बारां	437
5	बाडमेर	109

क्र.सं.	जिले का नाम	विचाराधीन आवेदन पत्र (31.01. 2008)
6	भरतपुर	0
7	भीलवाड़ा	8
8	बीकानेर	86
9	बूंदी	0
10	चित्तौड़गढ़	43
11	चूरू	170
12	दौसा	567
13	धौलपुर	66
14	डूंगरपुर	0
15	हनुमानगढ़	19
16	जयपुर	213
17	जैसलमेर	0
18	जालौर	53
19	झालावाड़	0
20	झुन्झुनूं	118
21	जोधपुर	0
22	करौली	426
23	कोटा	237
24	नागौर	181
25	पाली	51
26	राजसमंद	14
27	सवाई माधोपुर	696
28	सीकर	24
29	सिरोही	24
30	श्री गंगानगर	30
31	टोंक	338
32	उदयपुर	0
	योग	**4169**

अक्षत योजना के प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रति माह 15 वें कार्यदिवस को एक साथ वित्तीय स्वीकृति जारी की जाती है इस कारण चालू माह के कार्यदिवस से अगले माह के 15 वें कार्यदिवस तक प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र विचाराधीन की श्रेणी में आते हैं।

प्रताप स्टेडियम निवाई (टोंक) का विकास

37. श्री हीरालाल (निवाई) : क्या युवा एवं खेल कूद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि उपखण्ड मुख्यालय निवाई स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रताप स्टेडियम को विकसित करने का प्रस्ताव सरकार को विचाराधीन है?

(2) सरकार उक्त स्टेडियम को विकसित करने के लिए क्या-क्या कार्य अब तक कराने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी नहीं। शैक्षणिक संस्थाओं में खेल स्टेडियम बनाने की योजना युवा मामले एवं खेल विभाग के पास नहीं है, अपितु पूरे राज्य में तहसील स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने की योजना इस वर्ष बनाई जा चुकी है, जिसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाना है।

(2) शैक्षणिक संस्थाओं में खेल स्टेडियम बनाने की योजना युवा मामले एवं खेल विभाग के पास नहीं है, अपितु पूरे राज्य में तहसील स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने की योजना इस वर्ष बनाई जा चुकी है, जिसे आगामी वर्षों में चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाना है।

आवासन मण्डल द्वारा निर्मित मकानों में भूकम्प विरोधी तकनीक

38. श्री जीतराम (मालपुरा) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

क्या यह सही है कि राज्य में आवासन मंडल द्वारा बनाए जा रहे रिहायशी/ व्यवसायिक भवनों को भूकम्परोधी तकनीक से बनाया जा रहा है? यदि हां, तो इस हेतु क्या-क्या तकनीक या विधि अपनाई जा रही है?

उत्तर

जी हां। रिहायशी एवं व्यावसायिक भवनों के भूकम्प रोधी बनाने हेतु भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा समय-समय पर जारी मार्गदर्शी सिद्धान्त सामान्य प्रावधान तथा रीति संहिता में बताई तकनीकी व विधि अपनाई जा रही है।

बांसवाड़ा जिले में किसान फार्मपोंट योजना हेतु निविदा

39. श्री अर्जुन सिंह (दानपुर) : क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(श्री अर्जुन सिंह)

(1) क्या यह सही है कि रोजगार गारन्टी योजनाओं में किसानों को फार्मपोंट दिये गये हैं? यदि हां, तो पंचायत समिति बागीदौरा, ललवाड़ा, पीपलखूंट में किन-किन किसानों को उक्त फार्मपोंट दिये गये? पंचायतवार सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) फार्मपोंट पर कार्य चालू करने के लिये मस्टरोल किस दिनांक को जारी किये गये? पंचायत समितिवार जारी दिनांक का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) फार्मपोंट में किसानों को कितने-कितने पौधे दिये गये? पौधे सप्लाई करने की दिनांक का पंचायत समितिवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि पौधों की निविदा जारी की गई थी? यदि हां, तो किन-किन समाचार पत्रों में इस हेतु विज्ञप्ति दी गई? समाचार पत्रों की प्रति सदन की मेज पर रखे।

(5) क्या यह सही है कि पौधों की निविदा के लिये कमेटी बनाई गई थी? यदि हां, तो इसमें कौन-कौन अधिकारी थे? नाम सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

(6) क्या यह भी सही है कि इस कमेटी में उद्यान विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं था?

(7) क्या यह सही है कि इस हेतु उद्यान विभाग से सुझाव मांगे गये थे? यदि हां, तो उद्यान विभाग द्वारा क्या सुझाव दिया गया? सुझाव की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। यह सही है कि रोजगार गारंटी योजनाओं में किसानों को फार्मपोंट दिये गये हैं। पंचायत समिति बागीदोरा एवं तलवाड़ा में किसानों को फार्मपाण्ट दिये गये हैं, जिसकी सूची परिशिष्ट –अ पर संलग्न है तथा पंचायत समिति पीपलखूंट में फार्म पोण्ट नहीं दिये गये है।

(2) फार्मपोंट कार्य चालू करने के लिये जारी किये गये मस्ट्रोल की दिनांक की पंचायत समितिवार सूचना परिशिष्ट-ब पर संलग्न है।

(3) फार्मपोंट में किसानों को दिये गये पौधे एवं पौधे सप्लाई करने की दिनांक का विवरण पंचायत समितिवार परिशिष्ट-स पर संलग्न है।

(ग्रामीण विकास मंत्री)

(4) जी हां। निदेशालय सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक DIP&EC/6526/2007 दिनांक 18.8.07 के अनुसार ITJ (N) कलकत्ता, जनसत्ता (N) नई दिल्ली, राजस्थान पत्रिका (D) उदयपुर एवं प्रातःकाल (D) उदयपुर में विज्ञप्ति दी गई थी, जो दैनिक जनसत्ता, नई दिल्ली में दिनांक 24.8.07 को एवं राजस्थान पत्रिका में दिनांक 28.8.07 को छपा है। विज्ञप्ति की छाया प्रति संलग्न है।

(5) जी हां। पौधों की निविदा के लिये कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में निम्नलिखित अधिकारी थे-

1- श्री राकेश जायसवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, छत्म्ळेद्व जिला परिषद, बांसवाड़ा।

2- श्री ललित मोरडिया, परियोजना अधिकारी (लेखा) जिला परिषद, बांसवाड़ा

3- श्री देवकृष्ण वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, भू-संसाधन जिला परिषद, बांसवाड़ा।

4- श्री अतीश शर्मा, सहायक निदेशक, कृषि (विस्तार) जिला परिषद, बांसवाड़ा

(6) जी हां। यह सही है कि इस कमेटी में उद्यान विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं था?

(7) जी हां। उद्यान विभाग, राजस्थान जयपुर को फलदार पौधों की आपूर्ति करने बाबत जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा उनके पत्र क्रमांक 4383 दिनांक 1.8.07 द्वारा पौधों की आपूर्ति करने बाबत पत्र लिखा गया था। परन्तु उद्यान विभाग से कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। पत्र की प्रति संलग्न है।

(विवरण विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रख गया)

राजगढ़ (चूरू) के काश्तकारों को उन्नत बीज की उपलब्धता

40. श्री नन्दलाल पूनिया (सार्दुलपुर) : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि काश्तकारों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा व्यवस्था की गई है? यदि हां, तो क्या व क्या काश्तकारों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध कराये जाते हैं?

(श्री नन्दलाल पूनिया)

(2) सरकार द्वारा राजगढ़ (चूरू) में गत तीन वर्षों में किस-किस किस्म के कितने उत्तम किस्म के बीज उपलब्ध कराये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) हां। काश्तकारों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा राजस्थान स्टेट सीड कारपोरेशन लि. जयपुर, राष्ट्रीय बीज निगम, तिलहन संघ, कृभकों, केन्द्रीय राज्य फार्म, सूरतगढ़, जैतसर, सरदारगढ़ एवं निजी क्षेत्र के अधिकृत बीज विक्रेताओं के माध्यम से व्यवस्था कराई जाती है। खरीफ 07 में कुल 3.25 लाख क्विं. एवं रबी 2007-08 में कुल 8.21 लाख क्विं. बीज का वितरण हुआ। वर्ष 2006-07 में खरीफ में 2.42 लाख क्विं. व रबी में 6.30 लाख क्विं. बीज वितरित किया गया था।

(2) राजगढ़ (चूरू) में गत तीन वर्षों में एवं चालू वर्ष में खरीफ एवं रबी में फसलवार निम्न प्रकार उपलब्ध कराए गए।

इकाई (क्विं.) में

क्र. सं.	**सीजन**	**नाम फसल**	**किस्म**	**04-05**	**05-06**	**06-07**	**07-08**
1	खरीफ	बाजरा	एचएचबी-60, एचएचबी 67, आरएचबी 90, आईसीएमएच-356	95	80	98	97.5
		मोठ	आरएमओ-40, आरएमओ-225, आरएमओ-435	42	48	51	44.5
		मूंग	मम-2, आरएमजी-62, के-851, आरएमजी-268	115	122	103	118.8
		योग		**252**	**250**	**252**	**260.8**

क्र. सं.	सीजन	नाम फसल	किस्म	04-05	05-06	06-07	07-08
2	रबी	गेहूं	राज-3765,3077, 1482	850	870	865	895
		सरसों	वसुन्धरा, बोया-902, पूसा बोल्ड, लक्ष्मी आदि	5	6.2	6.8	6.2
		चना	जीएनजी-469, आरएसजी -888, डीसीपी-92-3	935	1122	1345	1365

अतारांकित प्रश्नोत्तर

मंत्रालयिक/सहायक संवर्ग कर्मियों के वेतन संशोधन हेतु गठित समिति की सिफारिशों का क्रियान्वयन

30. **श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर** (नदबई) : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

क्या यह सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 1998 में राजकीय मुद्रणालय के तकनीकी, कर्मचारी, चिकित्सा विभाग के ऑप्थेलमिक सहायक (नेत्र चिकित्सा सहायक) एवं कम्प्यूटर सेवा के पदों के वेतनमानों में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है तथा वेतन संशोधन के लिये गठित यतीन्द्र सिंह समिति ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत कर दी है? यदि हां, तो इन अधीनस्थ कर्मचारियों के वेतन संशोधन के सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? अब कब तक निर्णय लिया जाकर संशोधित वेतनमानों का लाभ उक्त कर्मियों को दे दिया जावेगा।

उत्तर

दिनांक 10.08.2007 को हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में वित्त (नियम अनुभाग) विभाग द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन संख्या पं.12(1)वित्त/नियम/03 दिनांक 29.03.2007 पर विचार-विमर्श कर ज्ञापन में अंकित राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम 1998 वेतनमानों में विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित श्री वाई. सिंह समिति की रिपोर्ट में सम्मिलित सिफारिशों के संबंध में निर्णय लिया गया कि चूंकि अब छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों शीघ्र ही अपेक्षित हैं, अतः वेतन विसंगतियों के संबंध में अभी निर्णय लिया जाना उपयुक्त नहीं होगा।

राज्य कर्मियों के यात्रा/विश्राम भत्तों का पुनर्निर्धारण

31. **डा. सी.पी. जोशी** (नाथद्वारा) एवं **श्री अर्जुन सिंह** (दानपुर) : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि राज्य कर्मचारियों के यात्रा व विश्राम भत्तों की दरों का पुनर्निर्धारण का प्रकरण सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो इसकी निर्धारण कब तक कर दिया जावेगा?

(2) क्या यह सही है कि यात्रा विश्राम भत्तों के संबंधित नियमों में संशोधन के लिये विगत बजट भाषण 2006-07 में घोषणा भी की गई थी?

(श्री अर्जुन सिंह)

यदि हां, तो उक्त घोषणा की क्रियान्विति अब तक क्यों नहीं की गई? क्या सरकार उक्त घोषणा के अनुरूप संशोधन के आदेश जारी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(3) केन्द्र व राज्य कर्मचारियों के यात्रा व विश्राम भत्तों की दरों का तुलनात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। राज्य कर्मचारियों के यात्रा व विश्राम भत्ते की दरों का पुन: निर्धारण परिक्षाणाधीन है।

(2) जी हां। यात्रा/ विश्राम भत्तों में संशोधन के लिए बजट भाषण 2006-07 में घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा के तहत संशोधन परीक्षणाधीन है।

(3) केन्द्र व राज्य कर्मचारियों के यात्रा व विश्राम भत्तों की दरों का तुलनात्मक विवरण संलग्न है। (संलग्नक ''अ'')

(विवरण विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखा गया।)

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि लेखों की वेबसाइट पर उपलब्धता

32. डा. सी.पी. जोशी (नाथद्वारा) : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

क्या यह सही है कि सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों के राज्य बीमा व प्रावधीय निधि लेखा खातों हेतु वेबसाइट तैयार करने की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो कब व क्या उक्त की क्रियान्व‍िति कर लेखे अपडेट कर दिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? उक्त लेखे अब कब तक अपडेट कर दिये जायेंगे?

उत्तर

जी हां। वित्तीय वर्ष 2006-07 के बजट अभिभाषण में राज्य कर्मचारियों की सुविधा हेतु एक व्यापक Web-portal बनाये जाने की घोषणा की गयी थी। उक्त कि क्रियान्विति हेतु विभागीय वेबसाइट www.sipf.gov.in पर राज्य कर्मचारियों के राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि लेखा खातों के इन्डेक्स की सूचना उपलब्ध करवायी जा चुकी है। कर्मचारियों के बीमा पालिसी के बीमाधन तथा बोनस की सूचना भी वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गई है।

जयपुर में आयोजित रैली/सभा पर व्यय

33. श्री रामनारायण मीणा (नैनवां) : क्या सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(श्री रामनारायण मीणा)

(1) क्या यह सही है कि सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित रैली/सभा में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम तथा निजी बस मालिकों की बसों को उपयोग में लिया गया है? यदि हां, तो कितनी-कितनी बसों को? जिलेवार पृथक-पृथक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त रैली/सभा के आयोजन में किये गये इन्तजामात पर कितनी राशि सरकार तथा कितनी राशि अन्य द्वारा व्यय की गई?

(3) क्या यह सही है कि उक्त कार्यक्रम के लिये सरकार की ओर से भी व्यवस्था की गई है तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की भी सेवाएं ली गई? यदि हां, तो किस-किस विभाग के कितने-कितने अधिकारियों व कर्मचारियों की? व्यय की गई राशि के विवरण सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि उक्त मीटिंग के आयोजन में अनियमितता हुई है तथा कानून का उल्लंघन भी किया गया है? यदि हां, तो क्या?

उत्तर

(1) सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित सभा में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम तथा निजी बस मालिकों की बसों को उपयोग में नहीं लिया।

(2) सभा के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किये गये इन्तजामात पर रुपये 29,65,104/- की राशि व्यय हुई।

(3) उक्त कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई थी, उनका विवरण परिशिष्ट ''क'' पर संलग्न है।

(4) जी नहीं।

परिशिष्ट ''क''

अमरूदों का बाग में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह/ रैली में निम्न विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी :-

क्र. सं.	पद नाम	संख्या
1.	जिला कलक्टर, जयपुर	
	कर्त्तव्यस्थ मजिस्ट्रेट	5
	अधिकारी	5

क्र. सं.	पद नाम	संख्या
2.	चिकित्सा विभाग	अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए 2 चिकित्सा दल प्रत्येक दल में निम्न अधिकारी/ कर्मचारी नियुक्त थे।
	चिकित्सक	दो
	नर्सिंग स्टाफ	एक
	वार्ड बॉय	एक
	वाहन चालक मय एम्बुलेंस	एक
	राजमार्गों पर 8 एम्बुलेंस लगाई गई थी जिसमें प्रत्येक एम्बुलेंस में :-	
	चिकित्सक	1
	नर्स	1
	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	1
3.	सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग	
	उद्घोषक	02
	जनसम्पर्क अधिकारी	02
	ई.एन.जी./ छायाकार/वाहन चालक	एक-एक
4.	सामान्य प्रशासन विभाग	
	फर्राश	02
	वेटर	02
	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	01

राज्य के सर्किट हाउसों में कार्यरत कर्मियों के नाम विद्युत/जल सम्बन्ध

34. श्री वीरेन्द्र बेनीवाल (लूणकरणसर) : क्या सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि राज्य में सर्किट हाउस में ही निर्मित विभिन्न आवासों में आवास करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के नाम से

(श्री वीरेन्द्र बेनीवाल)

बिजली/ पानी कनेक्शन के सन्दर्भ में सरकार द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2007 को आदेश जारी किया गया है?

(2) क्या यह सही है कि सम्बन्धितों द्वारा उक्त आदेशों की पालना कर दी गई है? यदि हां, तो किस-किस सर्किट हाउस में किन-किन कार्मिकों द्वारा कब-कब अलग से बिजली/ पानी का कनेक्शन लिया गया तथा इसके पूर्व कब-कब कितनी-कितनी राशि किस दर से चार्ज के रूप में जमा करवाई गई? विवरण सदन की मेज पर रखें? यदि नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। केवल बिजली कनेक्शन हेतु।

(2) जी नहीं। क्योंकि उक्त आदेश दिनांक 18.09.2007 के सन्दर्भ में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि सर्किट हाउस में ही निर्मित विभिन्न आवासों में आवास करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के आवास में अलग से विद्युत कनेक्शन सा. निर्माण विभाग द्वारा कराया जावें। तदनुसार कनेक्शन कराये जाने हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं।

आवासों में अलग से कनेक्शन हो जाने पर आवासितों द्वारा सीधे ही विद्युत की राशि जमा कराई जा सकेगी। इससे पूर्व आदेश दि. 19.4.01 अनुसार प्रबन्धक, विश्राम भवन से 200/- प्रतिमाह एवं अन्य कर्मचारियों से 150/- प्रतिमाह बिजली/पानी के चार्जेज वसूले जा रहे थे तथा दि. 18.9.07 के आदेश पश्चात विश्राम भवन में आवासित प्रबन्धक, विश्राम भवन से 500/- एवं अन्य कर्मचारियों से 400/- प्रतिमाह बिजली/पानी के चार्जेज फ्लैट दर से वसूल किए जा रहे हैं।

जिन कर्मचारियों में बिजली/ पानी की राशि बकाया है, उनकी सूची संलग्न है। उक्त बकाया की वसूली संबंधी कार्यवाही की जा रही है। (परिशिष्ट-1)

परिशिष्ट-1

बिजली/पानी की बकाया राशि संबंधी सूचना 1.2.08 तक

क्र. सं.	विश्राम भवन	अधिकारी/ कर्मचारी का नाम व पद	बकाया राशि
1	बांसवाड़ा	श्री गोकुल लाल, हाउस कीपर	2000/-
		श्री कमजी, वेटर	2000/-
		श्री रंगा, च.श्रे.क.	2000/-

क्र. सं.	विश्राम भवन	अधिकारी/ कर्मचारी का नाम व पद	बकाया राशि
2	दौसा	1. श्री राधाकृष्ण बैरवा, देशी कुक	400/-
		1. श्री गिर्राज प्रसाद शर्मा, मशालची	1600/-
		1. श्री छुट्टन लाल मीणा, च.श्रे.क.	800/-
3	नागौर	1. श्री मोतीलाल मीणा, च.श्रे.क. 2. श्री मुकेश कुमार शर्मा, मशालची	2300/- 750/-
4	सिरोही	1. श्री हरिसिंह चारण, हाउसकीपर 2. स्व. श्री हनुमानाराम परिहार, पूर्व कुक	3500/- 1050/-
5	सवाई माधोपुर	1. श्री जितेन्द्र कुमार चौधरी, प्रबन्धक 2. श्री विजय सिंह, 3. श्री लक्ष्मण बैरवा, मशालची 4. श्री भवननाथ, च.श्रे.क. 5. श्री नत्थी लाल 6. श्री सोभाग सिंह	500/- 400/- 400/- 400/- 400/- 400/-
6	उदयपुर	1. श्री निरंजन कुमार शर्मा, हाउस कीपर 2. श्री शंकर लाल मीणा, कुक 3. श्री प्रताप सिंह, साइकिल सवार 4. श्री सोहन सिंह, फर्राश 5. श्री शंकर लाल मीणा, फर्राश 6. श्री त्रिलोक सिंह, च.श्रे.क. 7. श्री राजकुमार मीणा, वेटर 8. श्री पृथ्वीसिंह, फर्राश 9. श्री शांतिलाल हिमात, मशालची 10. श्री नंदसिंह, देशी कुक	2550/- 5700/- 3750/- 3900/- 2700/- 2400/- 3000/- 2850/- 3600/- 2400/-
7	अजमेर	1. श्री गणेशदान हाउसकीपर 2. श्री प्रेम सिंह वेटर 3. श्री ओमप्रकाश, स्वीपर 4. श्री सुखवीर सिंह, कुक 5. श्री दिलीप सिंह, वेटर 6. श्री हरीश, स्वीपर 7. श्री मुकेश, च.श्रे.क. 8. श्री ताराबहादुर, च.श्रे.क. 9. श्री भोलाराम, वेटर	5600/- 5600/- 5600/- 400/- 400/- 4700/- 2825/- 3650/-

माननीय मुख्य मंत्री की विदेश यात्राओं पर व्यय

35. **श्री संयम लोढ़ा** (सिरोही) : क्या सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) मुख्य मंत्री द्वारा दिनांक 1 जनवरी, 2004 के बाद कब-कब विदेश यात्रायें की गई उक्त यात्राओं का प्रयोजन क्या था तथा यात्रा के दौरान किन किन कार्यक्रमों में भाग लिया और उससे राज्य को क्या लाभ हुआ? यात्राओं के विवरण सहित व्यय की गई राशि का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विदेश यात्राओं में कौन-कौन व्यक्ति व अधिकारी उनके साथ थे तथा उक्त व्यक्तियों एवं अधिकारियों की यात्रा पर कितना व्यय हुआ? प्रत्येक का विवरण मय यात्रावार सदन की मेज पर रखें।

(3) वर्ष 2007 में मुख्य मंत्री को कौनसा अवार्ड विदेश में प्राप्त हुआ? उक्त अवार्ड किस स्तर का है और किसके द्वारा प्रदान किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) माननीय मुख्य मंत्री महोदया द्वारा 1 जनवरी, 2004 के बाद की गई विदेश यात्राओं का विवरण परिशिष्ट 'अ' पर उपलब्ध है। इन यात्राओं से राज्य के विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारिता बढ़ी एवं राज्य में निवेश हेतु भी अनुकुल वातावरण बना। राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन तकनीकी जानकारी प्राप्त हुई।

(2) उक्त विदेश यात्राओं में माननीय मुख्य मंत्री महोदया के साथ यात्रा पर गये व्यक्ति एवं अधिकारियों के नाम व उनकी यात्रा पर हुए व्यय का विवरण परिशिष्ट –ब पर उपलब्ध है।

(3) वर्ष 2007 में माननीय मुख्य मंत्री महोदया को अंतरराष्ट्रीय संस्था ''वीमन टूगेदर'' द्वारा अन्तरराष्ट्रीय स्तर के वीमन टूगेदर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

परिशिष्ट 'अ'

माननीय मुख्य मंत्री महोदया द्वारा की गई विदेश यात्राओं पर किये गये व्यय का विवरण

क्र.सं.	जहां की यात्रा की गई (देश का नाम)	यात्रा का प्रयोजन	यात्रा की अवधि	व्यय की गई राशि
1	दवोस, स्वीटजरलैण्ड	वर्ल्ड इकानामिक फारम की एनुअल जनरल मीटिंग-2005 में भाग लेने हेतु एवं यू. के. में ऊर्जा के क्षेत्र में विशेषज्ञों से वार्ता।	26.01.05 से 30.01.05	268549.00
2	केलिफोर्निया, सेन फ्रांसिस्कों एवं लंदन (यू.के)	केलिफोर्नियों में आयोजित ''इकानामिक पॉलिस रिफोर्म इन इण्डिया'' के छठे वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने एवं सेन फ्रांसिस्कों में इनवेस्टर्स मीट में भाग लेने हेतु।	02.06.05 से 11.06.05	602312.00
3	दावोस, स्वीट्जरलैण्ड, लंदन (यू.के.)	वर्ल्ड इकानोमिक फारम की एनुअल मीटिंग में भाग लेने हेतु	25.01.06 से 01.02.06	299497.00
4	तेल अबीब (इजराईल), दुबई, यू.ए.ई. व लन्दन (यू.के.)	केन्द्रीय कृषि मंत्री दल के साथ तेल अबीब यात्रा के अतिरिक्त अप्रवासी भारतीय एवं चेम्बर आफ के कामर्स के प्रतिनिधियों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से राजस्थान में निवेश के संबंध में।	08.05.06 से 18.05.06	316331.00

क्र.सं.	जहां की यात्रा की गई (देश का नाम)	यात्रा का प्रयोजन	यात्रा की अवधि	व्यय की गई राशि
5	लन्दन, अमेरिका एवं सियेटल	राजस्थानी एसोसिसन आफ नार्थ अमेरिका (राना) के आमंत्रण पर बालिका शिक्षा, माइक्रो सॉफ्ट के चेयरमेन बिल गेट्स से चर्चा एवं एशिया सोसायटी को संबंधोन के अतिरिक्त चिकित्सा पर्यटन में निवेश आकृषित कने के लिये वार्ता हेतु।	26.06.06 से 11.07.06	646306.00
6	पेरिस (फ्रांस), दुबई, अमेरिका, लन्दन (यू.के.)	राजस्थानी एसोसिसन आफ नार्थ अमेरिका के साथ बैठक में भाग लेने एवं अवार्ड प्राप्त करने के अतिरिक्त राजस्थान पत्रिका द्वारा आयोजित दुबई फेस्टिवल का उदघाटन एवं अप्रवासी राजस्थानियों के साथ वार्ता हेतु।	11.5.07 से 23.5.2007	635550.00

परिशिष्ट 'ब'

माननीय मुख्य मंत्री महोदया एवं उनके साथ विदेश यात्रा पर गये अधिकारियों/ व्यक्तियों का विवरण

क्र. सं.	जहां की यात्रा की गई (देश का नाम)	यात्रा की अवधि	अधिकारियों/व्यक्तियों का नाम	यात्रा पर व्यय की गई राशि/-
1	दावोस, स्वीटजरलैण्ड	26.01.05 से 30.01.05 26.01.05 से 01.02.05 26.01.05 से 30.01.05	1. श्रीमती सावित्री कुनाडी अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, राजस्थान फाउण्डेशन 2. श्रीमती मीरा महर्षि, आयुक्त, बी.आई.पी. 3. श्री यदेवेन्द्र माथुर, शासन सचिव, ऊर्जा	182278/- 299610/- 215354/-
2	केलिफोर्निया, सेन फ्रांसिस्कों एवं लंदन (यू.के.)	02.06.05 से 11.06.05 02.06.05 से 06.06.05 01.06. से 10.06.05	1. श्रीमती मीरा महर्षि, आयुक्त, बी.आई.पी. 2. डा. गोविन्द शर्मा, शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा 3. श्री रोहित कुमार सिंह, शासन सचिव, आई.टी.	401656/- 104051/- 122897/-
3	दावोस, स्वीट्जरलैण्ड, लंदन (यू.के.)	24.0106 से 02.02.2006 25.01.06 से 01.02.06 25.01.06 से 29.01.06 25.01.06 से 29.01.06	1. श्री राजेन्द्र राठौड, मा. सार्वजनिक निर्माण मंत्री 2. श्रीमती सावित्री कुनाडी, अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, राजस्थान फाउण्डेशन 3. श्रीमती मीरा महर्षि, आयुक्त, बी.आई.पी 4. श्री तन्मय कुमार, विशिष्ठ सचिव, मुख्यमंत्री 5. श्री अरिजीत बनर्जी, उप सचिव, मुख्यमंत्री	128049/- 128446/- 203555/- 89603/- 89599/-

क्र. सं.	जहां की यात्रा की गई (देश का नाम)	यात्रा की अवधि	अधिकारियों/व्यक्तियों का नाम	यात्रा पर व्यय की गई राशि/-
4	तेल अबीब (इजराइल), दुबई, यू.ए.ई. व लन्दन (यू.के.)	08.05.06 से 11.05.06	1. श्री परविन्दर सिंह, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग	38895/-
		08.05.06 से 11.05.06	2. श्री तन्मय कुमार, विशिष्ठ सचिव, मुख्य मंत्री	62171/-
5	लन्दन, अमेरिका एवं सियेटल	25.06.06 से 11.07.06	1. श्री घनश्याम तिवाड़ी, मा. शिक्षा मंत्री	368771/-
		25.06.06 से 11.07.06	2. श्री नरपत सिंह राजीव, मा. उद्योग मंत्री	237591/-
		26.06.06 से 11.07.06	3. श्री सी.के. मैथ्यू, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा	304692/-
		25.06.06 से 11.07.06	4. श्रीमती मीरा महर्षि, आयुक्त, बी.आई.पी.	297038/-
		26.06.06 से 11.07.06	5. डा. गोविन्द शर्मा, शासन सचिव, मुख्य मंत्री	258314/-
		26.06.06 से 11.07.06	6. श्री तन्मय कुमार, विशिष्ठ सचिव, मुख्य मंत्री	277864/-
		26.06.06 से 11.07.06	7. श्री गजानन्द शर्मा, विशेषाधिकारी, मुख्य मंत्री	273210/-
		29.06.06 से 03.07.6	8. श्री संजय पाण्डे, उप निदेशक, पर्यटन	45000/-
6	पेरिस (फ्रांस), दुबई, अमेरिका, लन्दन (यू.के.)	16.05.07 से 22.05.07	1. श्री एस.अहमद, प्रमुख शासन सचिव, कला, 2. साहित्य एवं संस्कृति (केवल यू.के.)	295080/-
		11.05.07 से 21.05.07		389361/-
			3. श्रीमती मीरा महर्षि, प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन	
		11.05.07 से 20.05.07	4. श्री प्रवीण गुप्ता, उप सचिव, मुख्य मंत्री	247038/-
		11.05.07 से 19.05.07	5. श्री गजानन्द शर्मा, विशेषाधिकारी, मुख्य मंत्री	247619/-
		12.05.07 से 16.05.07	6. श्री गुणनिधि शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, आर.टी.डी.सी.	50000/-

दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध जांच हेतु पैतिृक विभाग की अनुशंसा

36. श्रीमती लक्ष्मी बारूपाल (देसूरी) : क्या कार्मिक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध चार्जशीट जारी करने से पूर्व मूल पदस्थापन के प्रशासनिक विभाग द्वारा परीक्षण किया जाता है? यदि हां, तो संदर्भित कानून/नियम/अधिसूचना/परिपत्र मार्गदर्शिका की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि जब तक प्रशासनिक विभाग विभागीय कार्यवाही की अभिशंषा नहीं करता है, कानूनन कार्मिक विभाग को चार्जशीट जारी नहीं करनी चाहिये तथा यदि करता है तो कार्मिक विभाग की स्वेच्छचारिता है? यदि हां, तो क्या इसे रोकने के लिए सरकार कोई नियमों में प्रावधान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) राजसेवकों के विरुद्ध अनुशासनिक जांच कार्यवाही निस्तारण एवं प्रस्तावों के लिए जारी दिशा निर्देश/ परिपत्र दिनांक 28.11.81 व 21.09.1989 की प्रतियां संलग्न है।

(2) राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के जो प्रकरण सीधे ही कार्मिक विभाग को प्राप्त हो जाते हैं, उनके सन्दर्भ में कार्मिक विभाग राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कैडर नियंत्रक प्राधिकारी होने के कारण कार्मिक विभाग निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर अनुशासनिक कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित कर सकता है।

राजस्थान सरकार

कार्मिक (क-3) विभाग

क्रमांक एफ 10 (6)का/क-3/79　　　　　　जयपुर, दिनांक 28/11/81

<u>परिपत्र</u>

विषय : विभागीय जांचों को शीघ्र निपटाने हेतु कुछ आवश्यक निर्देश।

राज्य सेवकों के विरुद्ध राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के अन्तर्गत प्रारम्भ किये गये मामलों को शीघ्रातिशीघ्र निपटाने हेतु जिन कारणों से विलम्ब होता है उनका निराकरण

आवश्यक है। इस हेतु कई बार राज्य सरकार ने निर्देश जारी किये है परन्तु अब भी कई मामलों में काफी विलम्ब हो जाता है। अतः एक बार पुनः निवेदन है कि विभागीय जांचों के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाते समय सारे मामले को सक्षम अधिकारी अपने स्तर पर देख लें और इस बात की संतुष्टि कर लें कि प्रस्ताव में कोई कमी तो नहीं रह गई है। प्रस्ताव भिजवाने से पूर्व निम्न बिन्दुओं का चैक करना आवश्यक है :-

(1) आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र के प्रारूप 3 प्रतियों/ में भिजवाये जावें।

(2) जो अभिलेख प्रस्ताव के साथ भिजवाया जाता है उसकी सूची दो प्रतियों में प्रेषित की जावे।

(3) प्रस्ताव में इस बात को स्पष्ट उल्लेख हो कि विभागीय जांच नियम 16 में की जानी है अथवा 17 में।

(4) प्रस्ताव में इस आशय की सूचना भी होनी चाहिए कि विभागीय जांच किये जाने हेतु सक्षम अधिकारी/ मंत्री की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है।

(5) यह भी सूचित किया जाना चाहिए कि अधिकारी निलम्बित है अथवा नहीं। यदि निलम्बन नियुक्ति अधिकारी है अतिरित किसी अन्य अधीनस्थ अधिकारी द्वारा किया गया है तो उसकी पुष्टि करा ली गई है। अथवा नहीं।

(6) आरोपित अधिकारी के साथ में निम्न सूचना भी उपलब्ध कराई जानी चाहिये।

पद

2- वर्तमान पदस्थापन

3- वास्तविक वेतन

4- वेतन श्रृंखला

5- अग्रिम वेतन वृद्धि की तिथि।

6- जन्म तिथि

7- अधिवार्षिकी तिथि

(7) प्रस्ताव के साथ इस परिपत्र के साथ लगे हुए परिशिष्ट 'अ' में इस आशय की सूचना दी जानी चाहिए जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किस

आरोप को किस गवाह या अभिलेख के द्वारा किया जावेगा। इस सूची में अभिलेख की पृष्ठ संख्या भी अंकित कर दी जावे।

(8) प्रस्ताव के साथ परिशिष्ट 'ब' में एक प्रमाण-पत्र भिजवाया जाना चाहिए जिसमें यह अंकित हो कि प्रेषित किये जाने वाले अभिलेख के अलावा अन्य और कोई अभिलेख जांच के संबंध में भिजवाया जाना शेष नहीं है। प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट 'ब' में उपलब्ध है।

विशिष्ठ शासन सचिव



परिशिष्ट "ब"

प्रमाणित किया जाता है कि श्री ------------------------
पद ---------------- सेवा -------------- के विरुद्ध प्रस्तावित विभागीय जांच के संबंध में समस्त अभिलेख पत्रांकित कर भिजवाया जा रहा है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अब और कोई अभिलेख भिजवाया शेष नहीं है।

विभागाध्यक्ष/शासन सचिव

परिशिष्ट "अ"

क्र०सं०	आरोप या आरोप का भाग	इस आरोप या इसके भाग को सिद्ध करने वाले अभिलेख का पूर्ण विवरण मय पृष्ठ संख्या	इस आरोप या इसके भाग को सिद्ध करने वाले गवाह का नाम	विशेष विवरण यदि कोई हो
1	2	3	4	5

हस्ताक्षर

(मय पद व नाम)

राजस्थान सरकार

कार्मिक (क-3) विभाग

समस्त शासन सचिव/समस्त विशिष्ठ शासन सचिव एवं समस्त विभागाध्यक्ष (जिला कलक्टरो/ सम्भागीय आयुक्तों सहित)

क्रमांक: प. (2)(34) कार्मिक/क-3/89 जयपुर, दिनांक 21 सितम्बर, 89

विषय : पैतृक/प्रशासनिक विभागों के अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव भिजवाने के संबंध में।

कतिपय राज्य सेवा अधिकारियों का स्थानान्तरण/पदस्थापन एक विभाग से दूसरे विभागों में समय-समय पर होता रहता है। संबंधित अधिकारी द्वारा किसी एक विभाग में रहते हुए यदि कोई ऐसी अनियमितताएं की जाती है, जिसके लिये उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अपेक्षित होती है तो जिस विभाग के अंतर्गत अनियमितताएं की गई है, उस विभाग द्वारा उस अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव कार्मिक (क-3) विभाग को भिजवाये जाते है लेकिन उनके द्वारा उसके पैतृक विभाग को कोई सूचना नहीं दी जाती है और इस कारण संबंधित अधिकारी के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही की जानकारी उनके पैतृक विभागों को नहीं होती है और न ही उनसे कार्मिक (क-3) विभाग को प्रस्ताव भिजवाये जाने से पूर्व परामर्श ही लिया जाता है। ऐसी स्थिति में कार्मिक (क-3) विभाग द्वारा आरोप पत्र एवं आरोप पत्रादि तैयार करने में काफी कठिनाइयों अनुभव की जाती है और कार्यवाही में विलम्ब भी हो जाता है।

इस समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित किया जाता है :-

(1) प्रशासनिक/ पैतृक विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों द्वारा राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव कार्मिक (क-3) विभाग को भिजवाने के साथ-साथ प्रस्तावों की एक प्रतिलिपि राजसेवक के संबंधित पैतृक/प्रशासनिक विभाग को भी भिजवाई जावे।

(2) प्रशासनिक/पैतृक विभाग ऐसे प्रस्तावों का परीक्षण 30 दिवस की समयावधि में कर लेंवे और अपनी राय से कार्मिक (क-3) विभाग को अवगत करवाये। यदि पैतृक विभाग अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्तावों से सहमत न भी हो तो भी असहमति के कारण दर्शाते हुए अपनी राय

से कार्मिक (क-3) विभाग को उक्त निर्धारित अवधि में अवगत करवा दे।

प्रशासनिक/पैतृक विभागों से 30 दिवस की समयावधि में यदि उनकी राय अथवा असहमति के कारण कार्मिक (क-3) विभाग में प्राप्त नहीं होंगे तो कार्मिक (क-3) विभाग द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्तावों का परीक्षण कर उचित निर्णय ले लिया जावेगा।

(4) अपराधिक मामलों में पुलिस विभाग/भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्तावों पर उपरोक्त प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होगी और उक्त विभागों द्वारा भिजवाये गये प्रस्तावों पर कार्मिक (क-3) विभाग द्वारा सीधे ही विचार कर लिया जायेगा।

(एस.डी. श्रीवास्तव)

विशिष्ठ शासन सचिव

केन्द्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों की निजी संस्थानों में प्रतिनियुक्ति

37. **श्री निर्भय लाल** (रूपवास) : क्या कार्मिक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि भारत सरकार द्वारा सरकारी नौकरी करने वाले कर्मचारियों को निजी संस्थानों में नियम 6(2) (ii) के तहत डेपूटेशन पर भेजे जाने का निर्णय लिया गया है?

(2) क्या राज्य सरकार द्वारा भी भारत सरकार के अनुसार राज्य कर्मचारियों को निजी संस्थानों में डेपूटेशन पर जाने देने का निर्णय लेने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) हालांकि प्रश्न भारत सरकार से सम्बन्धित है, किन्तु भारत सरकार ने इस सम्बन्ध में नए दिशा-निर्देश 28.11.2007 को जारी किए गए है।

(2) राज्य कर्मचारियों की सेवायें निजी संस्थानों को केवल अपवादस्वरूप विशेष परिस्थितियों में प्रतिनियुक्ति पर देने की व्यवस्था पूर्व से ही राजस्थान सेवा नियम 1951 के नियम 142 में विद्यमान है। नियम की प्रति संलग्न है।

PART V

CHAPTER XIII

Foreign Service

@141. Employees consent necessary for transfer to foreign service. – No Government servant may be transferred to foreign service against his will provided that this rule shall nto apply to the transfer of a Government servant to the service of a body incorporated or not, which is wholly ore substantially owned or controlled by the Government or to the transfer of a Government servent to service paid from a Panchayat Samiti/Zila Parishad Fund constituted under the Rajasthan Panchayat Samiti and Zila Parishads Act, 1959 (Act No. 37 of 1959)/

142. When transfer for foreign service admissible. – A transfer to foregin service in not admissible unless –

(a) the duties to be performed after the transfer are such as should, for public reasons, be rendered by a Government servant, and

(b) the Government servant transferred holds, at the time of transfer, post paid from the Consolidated Funds, or holds a lien on such a post had his lien not been suspended.

NOTES

1. If, in any case, a proposal in made that a Government servant should be lent to a private undertaking, it is necessary that the principles of this Rule should be applied most rigorously, and generally the loan of a Goernemnt officer to private undertaking should be regarded as a very exceptional case requiring special justification.

2. The transfer of a temporary Government servant to foreign service is permissible under this rule.

3. The Government which will be entitled to recover pension contribution on behalf of a Government servant lent to foreign sevice, should be regarded as the Government competent to sanction the transfer.

@Substituted by F.D. Order No. F. 7 (A) (31) F.D.A./Rules/60 dated 12-8-1960.

"141. No Government servant may be transferred to foreign service against his will. Provided that this rule shall not apply to the transfer of a Government servant to the service of a body corporate owned or controlled by the Government or to the transfer of a Government servant to service paid from a Panchayat Samiti/Zila Parishad Fund constituted under the Rajasthan Panchayat Samities and Zila Parishads Act, 1959 (Act No. 37 of 1959)."

*Inserted by F.D. Order No. F. 5(1) F. (R)/56, dated 11-1-1956

श्रीगंगानगर जिले में प्रशासनिक अधिकारियों के रिक्त पद

38. श्री गुरंजट सिंह बराड़ (संगरिया) : क्या कार्मिक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

श्री गंगानगर जिले में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा तहसीलदारों के कितने पद कब से रिक्त हैं? सरकार उक्त पदों को अब कब तक भरने का विचार रखती है?

उत्तर

श्रीगंगानगर जिले में आरएएस के निम्नलिखित पद रिक्त हैं:-

1. महाप्रबंधक, गंगानगर सुगर मिल्स लि.,
2. अति. कलक्टर व अति. जिला मजिस्ट्रेट (सतर्कता)
3. क्षेत्रीय उप निदेशक, आई.सी.डी.एस.
4. जिला रसद अधिकारी
5. आयुक्त, नगर परिषद

तहसीलदार का कोई पद श्रीगंगानगर जिले में रिक्त नहीं है।

आरएएस के रिक्त पदों को अधिकारियों की उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार भरा जाता है।

बीमारू राज्य के मानदण्ड

39. डा. चन्द्रशेखर बैद (तारानगर) : क्या आयोजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) सरकार द्वारा बीमारू राज्य के मानदण्ड किन आधारों पर निर्धारित किये गये है? निर्धारित मानदण्डों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या राज्य बीमारू राज्यों की श्रेणी से बाहर आ चुका है? यदि हां, तो किस आधार पर तथा कब से? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वर्ष 2004 से अब तक बीमारू श्रेणी के किन-किन मानदण्डों में क्या-क्या सुधार किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) सरकार द्वारा बीमारू राज्य के कोई मापदण्ड निर्धारित नहीं किये गये हैं।

(2) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

(3) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सफाई कर्मियों के रिक्त पद

40. श्री नन्द लाल पूनिया (सादुलपुर) : क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सफाई कर्मचारियों की कितनी संख्या है?

क्या वर्तमान में सफाई कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त है? यदि नहीं, तो क्या सरकार सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सफाई कर्मचारियों के 120 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 66 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं।

(2) जी नहीं। वर्तमान में नवीन नियुक्तियों पर प्रतिबंध होने के कारण रिक्त पदों पर भर्ती किये जाने का कोई विचार नहीं है।

जिला बारां की नगरपालिकाओं द्वारा वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त ऋण

41. श्री प्रमोद जैन ''भाया'' (बारां) : क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) बारां जिले में कितनी नगरपालिकाएं हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त नगरपालिकाओं को वर्ष 2004-05 से 2007-08 तक कितनी-कितनी राशि किस-किस मद में किस-किस कार्य हेतु जारी की गई? वित्तीय वर्षवार एवं नगरपालिकावार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) बारां जिले में किस-किस नगरपालिका को वर्ष 2004-05 से 2007-08 तक वर्षवार कितनी-कतनी राशि अनुदान में दी गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) उक्त नगरपालिकाओं द्वारा कितनी-कितनी ऋण राशि वित्तीय संस्थाओं से किस-किस कार्य हेतु प्राप्त की गई? नगरपालिकावार एवं वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जिला बारां में बारां, अन्ता, छबड़ा, व मांगरोल कुल चार नगर-पालिकाएं हैं।

(2) वर्ष 2004-05 से 2007-08 तक पालिकावार एवं योजनावार दी गई राशि का विवरण परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है।

(3) 2004-05 से 2007-08 तक (7 फरवरी, 2008 तक) वर्षवार दिये गये अनुदान की राशि का विवरण परिशिष्ट 'ब' पर संलग्न है।

(4) नगरपालिका बारां द्वारा वर्ष 2003-04 में नाला निर्माण हेतु 25 लाख का ऋण राज्य सरकार से लिया गया था।

परिशिष्ट-अ

राशि का विवरण

क्र. सं.	**नाम नगर पालिका**	**वर्ष**	**शहरी पुर्नरूद्धार योजनान्तर्गत आबंटित राशि (लाखों में)**
1	नगरपालिका बारां	2007-08	200.00
2	नगरपालिका छबड़ा	2007-08	200.00
3	नगरपालिका अन्ता	2007-08	50.00
4	नगरपालिका मांगरोल	2007-08	50.00
	कुल योग	**2007-08**	**500.00**
	नगरपालिका मांगरोल	2006-07	शुष्क शौचालयों को जलप्रवाही शौचालयों में परिवर्तित करने हेतु 7,25,200 रुपये का अनुदान दिया गया।

परिशिष्ट 'ब'

क्र. सं.	नाम नगर पालिका	वर्ष	चुंगी पुनर्भरण अनुदान	राज्य वित्त आयोग के तहत अनुदान	सामान्य अनुदान	ग्यारहवें/ बारहवें वित्त आयोग के तहत अनुदान
1	2	3	4	5	6	7
1	बारां	2004-05	319.72	32.36	14.43	20.87
		2005-06	351.68	37.09	14.43	31.85
		2006-07	386.88	45.16	14.43	15.92
		2007-08	425.57	-	14.43	-
2	अन्ता	2004-05	70.78	10.40	4.63	6.68
		2005-06	77.88	11.52	4.63	10.84
		2006-07	85.68	16.36	4.63	5.41
		2007-08	94.25	-	4.63	-
3	छबड़ा	2004-05	54.53	8.80	6.14	5.74
		2005-06	60.04	14.00	6.14	9.23
		2006-07	66.00	9.81	6.14	4.62
		2007-08	72.60	-	6.14	-
4	मांगरोल	2004-05	34.13	9.12	6.36	5.95
		2005-06	37.50	15.00	6.36	8.84
		2006-07	41.28	7.91	6.36	4.42
		2007-08	45.41	-	6.36	-

परिशिष्ट 'अ'

विभिन्न योजनाओं में निकायवार जारी राशि का विवरण

राशि लाखों में

नगर	राष्ट्रीय गन्दी बस्ती				स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना				यूरीफ योजना				ईएफसी स्लम योजना			
निकाय का नाम	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08
बारां	28.40	39.23	35.0	0	1.52	4.14	8.53	0	0	20.00	0	0	40.59	0	0	0
अन्ता	2.57	27.16	0	0	1.58	0.85	8.94	0	0	20.00	0	0	50.10	0	0	0
छबड़ा	2.27	55.90	0	0	1.58	4.85	3.73	0	15.00	7.00	0	0	32.37	0	0	0
मांगरोल	2.35	15.58	0	0	1.40	0.64	6.49	0	0	0	0	0	25.87	0	0	0

राशि लाखों में

नगर	विरासत संरक्षण योजना				शहरी जन सहभागी योजना (राज्यांश)				आई.एच.एस.डी.पी. (एजेन्सी एवीएल)				यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी.			
निकाय का नाम	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08
बारां	0	0	0	0	0	0	4.25	0	0	0	414.35	0	0	0	0	0
अन्ता	0	0	0	0	0	0	2.10	0	0	0	0	0	0	0	0	0
छबड़ा	0	58.00	35.0	0	0	0	16.42	0	0	0	201.14	0	0	0	0	0
मांगरोल	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	136.47

नगर निगम (जयपुर) में पार्षद कोटे से स्वीकृत विकास कार्य

42. **श्री बृजकिशोर शर्मा** (जयपुर ग्रामीण) : क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि नगर निगम जयपुर के पार्षदों को 20 लाख रुपये तक विवेकाधीन कोटे से राशि स्वीकृत कर विकास कार्य करवाने के अधिकार प्राप्त हैं? यदि हां, तो वर्तमान में नगर निगम, जयपुर के किन-किन पार्षदों ने कहां-कहां कितनी-कितनी राशि किस-किस विकास कार्य के लिए खर्च की? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि सरकार द्वारा कुछ पार्षदों के प्रस्तावों पर कार्यादेश जारी नहीं किए गए? यदि हां, तो क्यों?

(3) शेष रहे प्रस्तावों पर सरकार अब तक स्वीकृति आदेश जारी करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) जी नहीं, पार्षदगण द्वारा अपने वार्ड के विकास कार्य हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाते हैं। निगम द्वारा प्रस्तावों की समीक्षा कर, आवश्यक पाये जाने पर उपलब्ध संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृति की कार्यवाही की जाती है।

(3) प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यकतानुसार बजट एवं आर्थिक संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए कार्यवाही की जाती है।

जयपुर शहर में ओवर ब्रिज/पुलियाओं का लम्बित निर्माण कार्य

43. **श्री राव राजेन्द्र सिंह** (बैराठ) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि जयपुर शहर में कई ओवर ब्रिज और पुलियाओं का कार्य पिछले कई वर्षों से अपूर्ण हैं? यदि हां, तो किन-किन ओवरब्रिज और पुलियाओं का निर्माण कार्य कब से अपूर्ण है? कार्य आरम्भ करने की दिनांक निर्माण की कुल लागत, अब तक व्यय की गई राशि एवं अब तक अपूर्ण रहने के कारणों सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि पिछले कई वर्षों से जयपुर शहर में रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है? यदि हां, तो इस ओवरब्रिज

(श्री राव राजेन्द्र सिंह)

का कार्य, कब प्रारम्भ किया गया था और अब तक कार्य अपूर्ण पड़े रहने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त ओवरब्रिज और पुलियाओं का निर्माण कार्य अविलम्ब पूर्ण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

उत्तर

(1) जी हां। पुलियाओं से संबंधित सूचना परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है।

(2) जी हां। इस ओवरब्रिज का निर्माण दिनांक 22.5.03 को प्रारम्भ किया गया था। अपूर्ण रहने के कारण परिशिष्ट 'अ' पर अंकित है।

(3) जी हां। उक्त ओवरब्रिज और पुलियाओं से संबंधित सूचनाएं परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है।

परिशिष्ट 'अ'

आर.ओ.बी/ पुलिया का विवरण	कार्य आरम्भ करने की दिनांक	निर्माण की लागत	व्यय राशि जनवरी 08 तक	अपूर्ण रहने का कारण	कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि
जवाहर नाले पर पुलिया निर्माण कार्य-गांधी पथ	21.09.06	60.00 लाख	50.00 लाख	जलदाय विभाग की पाईप लाई, टेलिफोन केबल एवं विद्युत केबल हटाये जाने में विलम्ब के कारण	31.03.08
जवाहर नाले पर पुलिया निर्माण कार्य गिरधर मार्ग	23.04.06	50.00 लाख	40.00 लाख	जलदाय विभाग की पाईप लाई, टेलिफोन केबल एवं विद्युत केबल हटाये जाने में विलम्ब के कारण	31.03.08
जवाहर नाले पर पुलिया निर्माण कार्य- दक्षिणी बाई पास	10.09.07	50.00 लाख	15.00 लाख	प्रगति पर	30.04.08

आर.ओ.बी./ पुलिया का विवरण	कार्य आरम्भ करने की दिनांक	निर्माण की लागत	व्यय राशि जनवरी 08 तक	अपूर्ण रहने का कारण	कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि
सहकार मार्ग पर गन्दा नाला स्थित पुलिया को चौड़ा करने का कार्य	25.12.03	61.00 लाख	59.23 लाख	प्रथम एजेन्सी द्वारा काम अधूरा छोडने के कारण इसके खिलाफ अनुबंध की धारा 2 के तहत कार्यवाही की गई। इस पर एजेन्सी ने प्राधिकरण के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर कर दिया। तत्पश्चात् शेष रहे कार्य की पुनः निविदा दिनाक 20.03.05 का जारी कर दूसरी एजेन्सी को कार्यादेश दिया गया। फर्म द्वारा कुछ कार्य करने के पश्चात् बिजली की लाइन के अवरोध के कारण कार्य रोक दिया किन्तु अवरोध हट जाने के बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया जिस पर अनुबन्ध की धारा 3 के तहत फर्म ने भी प्राधिकरण के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर कर दिया तत्पश्चात् न्यायालय में 06.04.07 को समझौता हो गया जिस पर फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया किन्तु मानसून प्रारम्भ होने के कारण कार्य बीच में रोकना पड़ा। मानसून समाप्ति के पश्चात् फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ कर अधिकांश कार्य पूर्ण कर दिया गया है।	31.03.08

आर.ओ.बी./ पुलिया का विवरण	कार्य आरम्भ करने की दिनांक	निर्माण की लागत	व्यय राशि जनवरी 08 तक	अपूर्ण रहने का कारण	कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि
टोंक रोड पर बम्बाला नाला तथा गोपाल बाइ पास पर गन्दा नाला तथा अमानीशाह नाला पर स्थित पुलियाओं को चौडा करने का कार्य	31.10.03	850.00 लाख	836.13 लाख	टोंक रोड पर बम्बाला नाला तथा गोपाल पुरा बाईपास पर अमानीशाह नाले पर स्थित पुल को अप्रेल, 05 तक पूर्ण किया जा चुका है। गोपाल पुरा बाईपास को छः लेन में चौड़ा करने के कार्य में एक तरफ से जनवरी, 06 में पूर्ण कर यातायात हेतु प्रारम्भ किया जा चुका है दूसरी तरफ पुल का लगभग 95 प्रतिशत कार्य भी जनवरी, 06 तक पूर्ण कर दिया गया था। किन्तु एप्रोच सड़क हेतु भूमि विवाद होने के कारण बाकी कार्य बकाया है।	उपायुक्त द्वारा भूमि उपलब्ध कराने के पश्चात
जगतपुरा रेलवे उच्च पुल का निर्माण कार्य	14.09.05	2374.00 लाख	2050.06 लाख	1. प्रारम्भ में रेलवे द्वारा स्वीकृत जनरल अरेन्जमेंट ड्राइंग को जयपुर दौसा रेल मार्ग को दो लेन मार्ग में बदले के कारण रेलवे द्वारा संशोधित किया गया। इस कारण से पुल के इस भाग को डिलाइन एवं निर्माण विलम्बित हुआ है।	10 मार्च, 2008

आर.ओ.बी/ पुलिया का विवरण	कार्य आरम्भ करने की दिनांक	निर्माण की लागत	व्यय राशि जनवरी, 08 तक	अपूर्ण रहने का कारण	कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि
				2. माननीय उच्च न्यायालय में पूरण सिंह वगैरा बनाम सरकार व जवप्रि‍ा में 44 व्यक्ति द्वारा डीवी रिट सिविल पिटीशन न 409/07 में मा. उच्च न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश महल रोड के कार्य पर दिनांक 03.05.2005 से दिनांक 06.09.07 प्रभावी रहा। इस दौरान महलरोड की तरफ पुल पर निर्माण पूर्ण रूप से स्थगित रखा गया	10 मार्च, 2008
खासा कोठी चौराहे पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य	15.4.06	1963.70 लाख	146.77 लाख	फ्लाई ओवर का शिलान्यास माननीय मुख्य मंत्री महोदया द्वारा दिनांक 30.10.06 को किया गया था। परन्तु दिनांक 8.2.07 को माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन आदेशों के कारण कार्य रोक दिया गया था। दिनांक 30.5.07 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश स्थगित करने के पश्चात् कार्य पुनः प्रारम्भ किया गया।	

आर.ओ.बी/ पुलिया का विवरण	कार्य आरम्भ करने की दिनांक	निर्माण की लागत	व्यय राशि जनवरी 08 तक	अपूर्ण रहने का कारण	कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि
				3. फ्लाई ओवर के खासा कोठी से पोलोविक्ट्री वाले भाग में फाउडेशन में कठोर पत्थर (Hard Rock) कम गहराई पर आने के कारण फाउंडेशन का कार्य नहीं किया जा सका एवं अब विशेषज्ञों के राय के अनुसार इस भाग का फाउंडेशन पुनः डिजाईन कराया जा रहा है।	
हसन पुरा रेल्वे ओवरब्रिज	22.5.03	905.00 लाख	848.00 लाख	इस ब्रिज का कार्य आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा कराया जा रहा है। कार्य में देरी होने के निम्न कारण रहें:- 1. ब्रिज स्थल के बीच में पाइप लाइन, सीवर लाइन, टेलीफोन लाइन आने से शिफ्टिंग में समय लगा। 2. ब्रिज के मुख्य पत्थर के स्थल पर सीवर लाइन आने से पुल की डिजाइन में परिवर्तन करना पड़ा।	मार्च, 2008

आर.ओ.बी./ पुलिया का विवरण	कार्य आरम्भ करने की दिनांक	निर्माण की लागत	व्यय राशि जनवरी 08 तक	अपूर्ण रहने का कारण	कार्य पूर्ण होने की अनुमानित तिथि
				3. स्थानीय व्यापार मण्डल द्वारा ब्रिज में से रेलवे स्टेशन की ओर ब्रांच निकलने का विरोध किये जाने के फलस्वरूप कार्य बीच में रोकना पड़ा। 4. स्टील, सीमेंट एवं डीजल की दरों में भारी वृद्धि के कारण फर्म का केश फ्लो बाधित हुआ। 5. जिस फर्म के साथ अनुबंध किया गया था उस फर्म को अन्य फर्म ने टेकओवर कर लिया जिसके फलस्वरूप में वर्ष 2005-06 में कार्य बाधित रहा। 6. रेलवे स्पॉन की डिजाइन, ड्रांइग का अनुमोदन सी.आर.एस. मुम्बई द्वारा किया गया है जिसमें अपेक्षा से अधिक समय लगा।	मार्च, 2008

नारायण विहार आवासीय योजना जयपुर के भूखण्डधारियों को कब्जा

44. श्री अमराराम (धोद) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि गोपालपुराबाइपास जयपुर स्थित निजी खातेदार की स्कीम नारायणविहार के ओ. एवं वाई. ब्लाक के सम्पूर्ण भाग की 90बी की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है? यदि हां, तो इन दोनों ब्लाकों हेतु अलग-अलग कुल कितने क्षेत्र की 90बी की कार्यवाही पूर्ण हुई एवं जयपुर विकास प्राधिकरण के स्तर पर वर्तमान में क्या कार्यवाही लम्बित है?

(2) क्या यह सही है कि उपरोक्त स्कीम के दोनों ब्लाकों का नक्शा इस स्कीम के विकास कर्ता द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर दिया गया है एवं इसका अनुमोदन जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कर दिया गया है? यदि हां, तो मानचित्र की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि नारायण विहार के ओ. एवं वाई. ब्लाक के भूखण्डधारियों को पट्टे साइट प्लान आदि दिये जा चुके हैं? यदि हां, तो पट्टेधारियों की सूची सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही हैं कि उक्त स्कीम के ओ. ब्लाक के भूखण्डधारियों को कब्जे की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है? यदि हां, तो कुल कितने लोगों को अब तक कब्जे दिये जा चुके हैं एवं वाई. ब्लाक के भूखण्डधारियों को अब तक भूखण्ड के कब्जे नहीं दिये जाने के कारण हैं? सभी भूखण्डधारियों को अब तक भूखण्ड के कब्जे दे दिये जायेंगे?

(5) क्या यह सही है कि उक्त दोनों ब्लाकों के भूखण्डधारियों से जयपुर विकास प्राधिकरण में जमा कराने हेतु विकास शुल्क भी लिया गया है? यदि हां, तो क्या वह विकास शुल्क की राशि जयपुर विकास प्राधिकरण में जमा कराई जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों?

(6) क्या यह सही है कि उक्त स्कीम के ओ. ब्लाक में वर्तमान में विकास कार्य चल रहे हैं? यदि हां, तो उक्त स्कीम के वाई. ब्लाक में अब तक विकास कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं?

(7) क्या उक्त स्कीम के विकासकर्ता द्वारा सभी ब्लाकों के भूखण्डधारियों को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पट्टे दिये जाने हेतु सभी

(श्री अमराराम)

ब्लाकों के भूखण्डधारियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है? यदि हां, तो निकट भविष्य में निजी खातेदारों की स्कीमों के भूखण्डधारियों को पट्टे दिये जाने के संबंध में शिविर लगाकर कब तक कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी?

उत्तर

(1) गोपालपुरा बाइपास जयपुर स्थित निजी खातेदार की स्कीम नारायण विहार के ''ओ ब्लॉक'' के लिए 160.36 हैक्टेयर के भूमि के लिए आवेदन किया गया जिसमें से 51.96 हैक्टेयर भूमि की (90बी) की कार्यवाही की गई तथा नारायण विहार के ''वाई ब्लाक'' 219 बीघा भूमि की 90बी की कार्यवाही की गई। जविप्रा के स्तर पर वर्तमान में कोई कार्यवाही लम्बित नहीं है।

(2) जी नहीं। नारायण विहार के ओ ब्लॉक का जयपुर विकास प्राधिकरण की भवन मानचित्र समिति (ले-आउट प्लान) की 58वीं बैठक दिनांक 24.3.07 में शर्ते के अधीन मानचित्र अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया है। परन्तु विकासकर्ता के द्वारा शर्तों की पालना नहीं करने के कारण अन्तिम रूप से मानचित्र का अनुमोदन नहीं किया गया है। नारायण विहार के वाई ब्लॉक योजना के मानचित्र के संबंध में बीपीसी (एलपी) की 91वीं बैठक दिनांक 6-7.12.05 में निर्णय लिया गया है कि जिस भाग की 90बी की गई है, उसी भाग के संशोधित मानचित्र प्राप्त कर अनुमोदन हेतु पुनः प्रस्तुत करे। इस संबंध में आवेदन को दिनांक 7.1.06 को पत्र द्वारा सूचित किया गया है। संशोधित योजना मानचित्र अभी प्रस्तुत नहीं किए गए है, लिहाजा मानचित्र की प्रति उपलब्ध नहीं करवाई जा सकती है।

(3) जी नहीं।

(4) जी नहीं। निजी खातेदार की योजना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कब्जा नहीं किया जाता है।

(5) जी नहीं। योजना का अन्तिम रूप से अनुमोदन नहीं हुआ है। इसलिए विकास शुल्क नहीं मांगा गया है।

(6) जी नहीं। मानचित्र अनुमोदन नहीं होने के कारण विकास कार्य नहीं किए गये है।

(7) जी नहीं। निजी खातेदार द्वारा सूची उपलब्ध नहीं कराई है।

जयपुर विकास प्राधिकरण के खसरा नम्बर 133 व 136 (जल महल की भूमि पर अतिक्रमण)

45. **श्री सुरेन्द्र पारीक** (हवामहल) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि जयपुर में जलमहल के सामने जयपुर विकास प्राधिकरण की भूमि खसरा नं. 133, 136 एवं इससे लगती हुई भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है? यदि हां, तो अतिक्रमण हटाने के लिये अब तक क्या कार्यवाही की गई?

(2) क्या यह भी सही है कि खसरा नं. 136 में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एक नाले का निर्माण किया गया है? यदि हां, तो क्या जल महल देखने आने वाले पर्यटकों पर पडने वाले दुष्प्रभाव एवं पार्किंग समस्या से निजात दिलाने के लिये सरकार इस नाले को ढकने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। राजस्व रिकार्ड अनुसार ख.नं. 133, 136 एवं इससे लगती भूमि ख.न. 131 में कुल चार अतिक्रमण है। जिनमें एक वर्षों पुराना मंदिर का अतिक्रमण है। जिसमें जविप्रा अधिनियम की धारा 72 के नोटिस के पश्चात् जविप्रा ट्रीब्यूनल कोर्ट से स्टे है। इसके अतिरिक्त एक शिक्षण संस्थान का भवन व होस्टल तथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना हुआ है, जो वर्षो पुराने हैं, के द्वारा अतिक्रमण है। इसके अलावा दो परिवारों द्वारा दीवार एवं लेट्रीन बाथरूम बनाकर निर्माण कर अतिक्रमण किए गए हैं, जो काफी पुराने हैं। इन तीनों प्रकरणों में भी जविप्रा अधिनियम की धारा 72 के अन्तर्गत नोटिस दिए हुए हैं। अतः इन अतिक्रमणों को विधिक प्रक्रिया के तहत हटवाया जाना प्रस्तावित है।

(2) जी हां। नाला पक्का करने के बाद पानी का बहाव दिशा अनुसार नाले में बहने से किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव अब आस पास की जमीन एवं पर्यटकों पर नहीं पड़ता है। पार्किंग हेतु सड़क के पश्चिम की ओर सीआईडी कार्यालय की कम्पाउण्डवाल एवं सड़क सीमा के मध्य लगभग 150 मीटर लम्बा तथा लगभग 30 फुट चौड़ा पार्किंग स्थल प्राधिकरण द्वारा पूर्व निर्मित है। नाले को ढकने का फिलहाल कोई विचार नहीं है।

चौमूं में खेल स्टेडियम हेतु भूमि का आरक्षण

46. **श्री रामलाल शर्मा** (चौमूं) : क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(श्री रामलाल शर्मा)

क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र चौमूं के वीर हनुमान मार्ग में खेल स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव जन प्रतिनिधियों द्वारा सरकार को दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में खेल स्टेडियम के लिये भूमि आरक्षित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

विधान सभा क्षेत्र चौमूं के वीर हनुमान मार्ग में खेल स्टेडियम बनाने का कोई प्रस्ताव जयपुर विकास प्राधिकरण में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त नहीं हुआ है। वर्तमान में जयपुर विकास प्राधिकरण में कस्बा चौमूं में स्टेडियम के लिए भूमि आरक्षित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

बीकानेर जिले में खेल स्टेडियम निर्माण पर व्यय

47. श्री वीरेन्द्र बेनीवाल (लूणकरणसर) : क्या युवा एवं खेलकूद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार प्रत्येक संभाग स्तर एवं जिला मुख्यालयों पर स्टेडियमों का निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो वित्तीय सत्र 2003-04 से वर्तमान तक इस हेतु कितने बजट का प्रावधान किया जाता रहा है तथा किस-किस स्टेडियम पर कितनी-कितनी राशि व्यय की गई?

(2) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2003-04 से वर्तमान तक संभाग मुख्यालय एवं जिला बीकानेर में खेल मैदानों/स्टेडियमों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा राशि व्यय की गई है? यदि हां, तो कब कब, कहां-कहां एवं किस किस कार्य हेतु व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। वित्तीय वर्ष 2003-04 से वर्तमान तक संभाग/जिला स्तर पर विभिन्न स्टेडियमों हेतु स्वीकृत बजट प्रावधान/व्यय की गई राशि का विवरण परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है।

(2) जी हां। वित्तीय वर्ष 2007-08 में जिला बीकानेर के सात हजार से अधिक आबादी वाले निम्न 13 गांवों में खेल मैदान निर्माण के लिये प्रत्येक गांव में 25,000-25,000 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है:-

क्र.सं.	**गांव का नाम**
1.	कालू

(राज्य मंत्री युवा एवं खेलकूद)

2. मोमासर
3. रीडी
4. जसरासर
5. सारूण्डा
6. नापासर
7. कोलायत
8. पांचू
9. दन्तोर
10. पलाना
11. छत्तरगढ़
12. बेरीयावाली
13. लूनकरणसर

परिशिष्ट 'अ''

वर्ष 2003-04 से वर्ष 2007-08 तक सम्भाग स्तर एवं जिला मुख्यालयों पर स्टेडियम निर्माण हेतु स्वीकृत बजट प्रावधान/ व्यय राशि का विवरण

क्र. सं.	संभाग/ जिले का नाम	निर्माण कार्य का नाम	स्वीकृत बजट प्रावधान/ व्यय राशि का विवरण				
			वर्ष 2003-04	वर्ष 2004-05	वर्ष 2005-06	वर्ष 2006-07	वर्ष 2007-08
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	अजमेर	इन्डोर स्टेडियम निर्माण	18.725 लाख GOI	-	-	-	-
2.	कोटा	तरणताल निर्माण	25.00 लाख GOI	-	-	-	-
3.	जोधपुर 1	बरकतुल्लाह स्टेडियम निर्माण	-	10.00 लाख	50.00 लाख	-	-
	2	पुराना स्टेडियम निर्माण	-	-	50.00 लाख	-	50.00 लाख

1	2	3	4	5	6	7	8
4.	उदयपुर	स्टेडियम निर्माण	-	-	-	50.00 लाख	-
5.	जयपुर	स्टेडियम निर्माण	-	100.00 लाख	300.00 लाख	100.00 लाख	55.00 लाख
6.	नागौर 1	स्टेडियम निर्माण	13.63 लाख	-	20.00 लाख	-	10.00
	2	कुचामन स्टेडियम	2.00 लाख	-	11.14 लाख	-	-
7.	झुंझुनूं	स्टेडियम निर्माण	10.00 लाख	-	-	-	-
8.	झालावाड़	खेल संकुल निर्माण	-	30.00 लाख	37.00 लाख	23.00 लाख GOI 130.00 लाख	3179300.00 लाख GOI 65.00 लाख
9.	जैसलमेर	इन्डौर स्टेडियम निर्माण	-	-	1062457.00 लाख	-	-
10.	श्रीगंगानगर	स्टेडियम निर्माण	-	-	16.00 लाख	-	-
11.	चुरू	स्टेडियम निर्माण	-	-	16.00 लाख	-	-
12.	सीकर	स्टेडियम निर्माण	-	-	16.00 लाख	-	-
13.	धौलपुर	स्टेडियम निर्माण	-	-	16.00 लाख	-	-
14.	बारां	स्टेडियम निर्माण	-	-	16.00 लाख	-	-
15.	भरतपुर (कामां)	स्टेडियम निर्माण	-	-	-	16.00 लाख	-

वर्ष 2007-08 में 28 परियोजनाओं के प्रस्ताव 500.00 लाख के स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भिजवाये गये हैं।   ।

कोटा सम्भाग में प्रस्तावित खेल स्टेडियम

48. श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) : क्या युवा एवं खेलकूद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा स्टेडियम निर्माण के संबंध में सरकार को पत्र लिखे गये हैं? यदि हां, तो कब-कब और किसके द्वारा?

(2) कोटा सम्भाग में किन-किन जिलों में किन-किन किन-किन स्थानों पर स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुये तथा उन प्रस्तावों में से किन-किन स्थानों पर कितनी-कितनी लागत के स्टेडियम निर्माण के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा स्टेडियम निर्माण के संबंध में राज्य सरकार को लिखे गये पत्रों का विवरण परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है।

(2) कोटा सम्भाग में बूंदी जिले के हिण्डौली, कोटा जिले के कैथून, बारां जिले के छबड़ा एवं छीपा बडौद में स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव प्राप्त हुए है, जिन पर गुणावगुण एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप निर्णय लिया जा सकेगा।

परिशिष्ट 'अ'

विभिन्न जिलों के जन प्रतिनिधियों द्वारा स्टेडियम निर्माण के संबंध में सरकार को लिखे गये पत्रों का विवरण

क्र. सं.	पत्र की तिथि	जनप्रतिनिधि का नाम	विषय
1.	15.12.04	श्री अतर सिंह भडाना माननीय विधायक क्षेत्र बयाना, भरतपुर।	महाविद्यालय में स्टेडियम निर्माण बाबत।
2.	16.09.04	श्री अर्जुन लाल जीनगर माननीय विधायक क्षेत्र गंगरार, चित्तौड़गढ़।	गंगरार, राशमी, रूद एवं बूड़ के विद्यालयों में चार दीवारी एवं मैन स्टेडियम निर्माण बाबत।

क्र. सं.	पत्र की तिथि	जनप्रतिनिधि का नाम	विषय
3.	18.09.04	श्रीमती किरण माहेश्वरी सांसद क्षेत्र, उदयपुर।	राजकीय बालकृष्ण विद्या भवन उ.मा.वि. कांकरौली में इन्डौर स्टेडियम निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति बाबत।
4.	16.09.04	श्री देवीसिंह भूतडा माननीय विधायक क्षेत्र, ब्यावर (अजमेर)	ब्यावर में स्टेडियम निर्माण हेतु
5.	17.09.04	श्री प्रताप सिंह सिंघवी माननीय विधायक क्षेत्र छबड़ा, जिला बारां	1. छबड़ा 2. इस वित्तीय वर्ष में छीपा बडौद में स्टेडियम निर्माण हेतु।
6.	01.04.05	श्री राजेन्द्र राठौड़ माननीय विधायक चूरू।	ग्राम रिडखला में स्टेडियम निर्माण हेतु।
7.	16.05.07	श्रीमती अनीता भदेल माननीय विधायक क्षेत्र अजमेर पूर्व।	तोपदडा स्कूल में अजमेर में स्टेडियम निर्माण बाबत।
8.	06.12.05	श्री राकेश मेघवाल माननीय विधायक क्षेत्र परबतसर, नागौर।	परबतसर में स्टेडियम में पेवेलियन हेतु माननीय मंत्री महोदय द्वारा की गई 15.00 लाख रुपये की घोषणा के संबंध में।
9.		श्री शांतिलाल चपलोत माननीय विधायक क्षेत्र मावली, उदयपुर।	तहसील रेलमगरा में स्टेडियम निर्माण हेतु।
10.	12.06.07	श्री राव राजेन्द्र सिंह माननीय विधायक क्षेत्र बैराठ, जयपुर।	शाहपुरा में स्टेडियम निर्माण हेतु।
11.		श्री भवानी सिंह राजावत, माननीय विधायक लाडपुरा, कोटा।	कैथून के खेल मैदान में मिनी स्टेडियम निर्माण बाबत।

क्र. सं.	पत्र की तिथि	जनप्रतिनिधि का नाम	विषय
12.	17.05.07	श्री बाबूसिंह राठौड माननीय विधायक क्षेत्र शेरगढ़, जोधपुर।	शेरगढ़ में स्टेडियम निर्माण हेतु।
13.	17.07.07	श्री भवानी जोशी माननीय विधायक क्षेत्र, बांसवाड़ा।	बांसवाड़ा में स्टेडियम निर्माण हेतु।
14.	07.07.07	श्री बंशीलाल खटीक माननीय विधायक क्षेत्र रेलमगरा, उदयपुर।	रेलमगरा में स्टेडियम निर्माण हेतु।
15.	17.08.07	श्री हरिमोहन शर्मा माननीय विधायक क्षेत्र हिण्डौली, बूंदी।	हिण्डौली में स्टेडियम निर्माण हेतु
16.	20.08.07	श्री रामरतन बैरवा माननीय विधायक क्षेत्र शाहपुरा, भीलवाड़ा।	स्टेडियम निर्माण

श्री डूंगरगढ़ के विद्यालयों में खेल स्टेडियम पर व्यय

49. **श्री मंगला राम गोदारा** (डूंगरगढ़) : क्या युवा एवं खेलकूद राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ में वर्तमासन में कितने खेल स्टेडियम कहां-कहां स्थित हैं तथा इनसे कितने-कितने खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र श्रीडूंगरगढ़ में खेल स्टेडियम विहीन सभी सीनियर व माध्यमिक विद्यालयों में खेल स्टेडियम निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कहां-कहां व कितनी लागत से व नहीं, तो क्यों?

(3) श्री डूंगरगढ़ कस्बे में खिलाड़ी छात्रों को खेल स्टेडियम की क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं व वर्ष 2007-08 में इस मद में कितनी राशि व्यय की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(श्री मंगला राम गोदारा)

(4) श्री डूंगरगढ़ में खेल स्टेडियम के लिये कितनी भूमि आरक्षित की गयी व इस पर कितनी राशि के क्या-क्या निर्माण कार्य करवाये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र श्री डूंगरगढ़ में वर्तमान में युवा मामले एवं खेल विभाग का कोई खेल स्टेडियम नहीं है।

(2) जी नहीं। शैक्षणिक संस्थाओं में खेल स्टेडियम बनाने की योजना युवा मामले एवं खेल विभाग के पास नहीं है अपितु पूरे राज्य में तहसील स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने की योजना इस वर्ष बनाई जा चुकी है, जिसे आगामी वर्ष में चरणबद्ध रूप से क्रियान्विति किया जाना है।

(3) श्री डूंगरगढ़ कस्बें में वर्तमान में खिलाड़ी छात्रों को खेल स्टेडियम न होने से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है।

(4) श्रीडूंगरगढ़ में खेल स्टेडियम के लिए अभी कोई भूमि आरक्षित नहीं है।

श्रीडूंगरगढ़ तहसील के 7000 से अधिक आबादी वाले ग्राम मोमासर व रीडी में खेल मैदान का निर्माण करवाया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा समग्र स्टेडियम विकास नीति के अन्तर्गत तहसील स्तर पर भी स्टेडियम निर्माण का भी भी प्रावधान है। उक्त नीति के अन्तर्गत खेल अधिकारी बीकानेर द्वारा जिला कलक्टर, बीकानेर व उपखण्ड अधिकारी, श्रीडूंगरगढ़ को श्रीडूंगरगढ़ में स्टेडियम हेतु 25 बीघा भूमि आबंटन करने हेतु लिखा गया है।

बूंदी के विद्यालयों में रिक्त पद

50. **श्रीमती ममता शर्मा** (बूंदी) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र बूंदी में कहां कहां राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय कब से किन सुविधाओं के साथ संचालित हैं? छात्र/छात्रा संख्या, भवन बाउण्ड्री, शौचालय, बिजली, पानी व स्वीकृत शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ की विद्यालयवार सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त में से अधिकांश विद्यालयों के छात्र/

(श्रीमती ममता शर्मा)

छात्रा अनुपात में अध्यापक/अध्यापिकाओं/प्रधानाध्यापिका के पद रिक्त हैं तथा भवन, बाउन्ड्री, शौचालय, पेशाबघर व बिजली पानी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है? यदि हां, तो कहां-कहां व कब से? विद्यालयावार सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त विद्यालयों के लिए स्वीकृत रिक्त पदों को भरने व शेष सुविधाऐं उपलब्ध कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

उत्तर

(1) प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र बूंदी में संचालित प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमि विद्यालय में छात्र संख्या, भवन, बाउण्ड्री, शौचालय, बिजली, पानी व स्वीकृत शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ का विद्यालयवार विवरण परिशिष्ट 'क' संलग्न है।

(2) जी नहीं। विधान सभा क्षेत्र बूंदी के विद्यालयों में छात्र संख्या, कार्यरत अध्यापक, रिक्त पदों का विवरण तथा भौतिक सुविधाओं का विवरण परिशिष्ट 'क' सम्मिलित है।

(3) राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं विभागीय पदोन्नति समिति के द्वारा चयनित आशार्थी उपलब्ध करवाये जाने पर रिक्त पदों को भरा जा सकेगा तथा विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय उपलब्धता के आधार पर विद्यालयों में सुविधाऐं उपलब्ध करवायी जावेगी।

(विवरण विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखा गया)

भरतपुर एवं कोटा जोन में शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी के पद पर नियम विरुद्ध पदस्थापन

51. **श्री मदन मोहन सिंघल** (कामां) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि भरतपुर एवं कोटा जोन में द्वितीय श्रेणी वाणिज्य संकाय के अध्यापकों को शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी के पद पर कार्यालयों में पद स्थापित किया हुआ है? यदि हां, तो क्यों?

(2) क्या यह भी सही है कि इसकी वजह से उक्त जोन के विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों के पद रिक्त चल रहे हैं जिससे विद्यार्थियों के भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो कितने पद व कब कब से?

(श्री मदन मोहन सिंघल)

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त संबंध में ऐसे अध्यापकों के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण का निस्तारण होने के बाद भी अध्यापकों को शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी के पदों से नहीं हटाया गया? यदि हां, तो किन-किन को व क्यों? न्यायालय आदेशों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार इसमें लिप्त अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या व कब तक?

(5) अब सरकार ऐसे अध्यापकों को कब तक विद्यालयों में चल रहे रिक्त पदों पर पद स्थापित करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी नहीं। भरतपुर एवं कोटा जोन में द्वितीय श्रेणी वाणिज्य संकाय के अध्यापकों को शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी के पद पर कार्यालयों में पदस्थापित नहीं किया हुआ है।

(2) प्रश्नोतर भाग संख्या-1 के अनुसार

(3) प्रश्नोत्तर भाग संख्या-1 के अनुसार

(4) प्रश्नोतर भाग संख्या-1 के अनुसार

(5) प्रश्नोत्तर भाग संख्या-1 के अनुसार

स्कूली व्याख्याताओं एवं प्रधानाध्यापकों के वेतन/ पदोन्नति में विषमता

52. **श्री दुर्गाप्रसाद अग्रवाल** (गंगापुर) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि व्याख्याताओं को प्रधानाध्यापकों (माध्यमिक) के समक्ष वेतन नहीं दिया जाता है?

(2) क्या यह सही है कि प्रधानाध्यापक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बी.ए. बी.एड है जबिक व्याख्याताओं की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एम.ए.बी.एड. है? यदि हां, तो किस आधार पर व्याख्याताओं का वेतनमान प्रधानाध्यापकों की तुलना में कम है?

(3) क्या यह सही है कि राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेस्ला) के प्रार्थना पत्र पर राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने व्याख्याताओं के विषय में सरकार को यह निर्देश दिए हैं कि ''इनकी मांगों को जायज

(श्री दुर्गाप्रसाद अग्रवाल)

मानते हुए उचित निर्णय लिया जाये''? यदि हां, तो आज तक इस विषय में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये?

(4) क्या यह सही है कि व्याख्याताओं एवं प्रधानाध्यापकों की पदोन्नति समान रूप से 50-50 प्रतिशत में की जाती है? जबकि व्याख्याताओं की संख्या ज्यादा है और प्रधानाध्यापकों की संख्या कम है? इस आधार पर व्याख्याताओं की पदोन्नति तुलनात्मक दृष्टि से कम होती है?

उत्तर

(1) जी हां।

(2) जी हां। व्याख्याता व समकक्ष पद को प्रधानाध्यापक (माध्यमिक) व समकक्ष पद के बराबर नहीं माना जाता है। दोनों पदों की तुलना शैक्षिक योगयता से नहीं की जाकर दायित्वों से की जाती है। चूंकि प्रधानाध्यापक (माध्यमिक) का पद उच्चतर दायित्व का माना जाता है, इसलिए व्याख्याता का वेतनमान प्रधानाध्यापक के वेतनमान से कम है।

(3) माननीय उच्च न्यायालय पीठ जोधपुर ने याचिका संख्या 2974/98 श्री बाबूसिंह व अन्य बनाम सरकार में पारित निर्णय दिनांक 24.10.05 की अनुपालना में वित्त सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा निम्नानुसार सिफारिश की गई है कि ''राज्य में व्याख्याता व समकक्ष पदों को प्रधानाध्यापक, सैकण्डरी विद्यालय व समकक्ष पदों के बराबर नहीं माना जाकर प्रधानाध्यापक, सैकण्डरी विद्यालय व समकक्ष पद को उच्चतर दायित्व का पद माना जाना चाहिए एवं तदनुसार व्याख्याता व समकक्ष पदों को प्रारम्भिक वेतनमान 6500-10500 दिया जाना चाहिए व प्रधानाध्यापक, सैकण्डरी विद्यालय व समकक्ष पदों का प्रारम्भिक वेतनमान 7500-12000 दिया जाना चाहिए'' विभाग द्वारा भी उक्त समिति की सिफारिश स्वीकार कर ली गई है।

(4) जी हां। व्याख्याताओं एवं प्रधानाध्यापकों की पदोन्नति उनकी संख्या के आधार पर नहीं की जाकर राजस्थान शिक्षा सेवा नियमों के अन्तर्गत विहित मानदण्डों के अनुसार की जाती है।

भीलवाड़ा जिले के पैराटीचर्स का नियमितीकरण

53. **श्री कैलाश त्रिवेदी** (सहाड़ा) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला भीलवाड़ा के किस-किस विद्यालय में कितने-कितने पैरा

(श्री कैलाश त्रिवेदी)

टीचर किस-किस दिनांक से लगे हुए हैं? उनमें से कितने पैरा टीचरों को स्थाई किया गया व कितने अवशेष हैं?

(2) क्या सरकार अवशेष रहे पैरा टीचरों को स्थायी करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) शिक्षा विभाग के अन्तर्गत जिला भीलवाड़ा में कार्यरत पैरा टीचर्स का दिनांक सहित विद्यालयवार विवरण परिशिष्ट ''क'' संलग्न है। किसी भी पैरा टीचर को स्थाई नहीं किया गया है।

(2) पैरा टीचरों को स्थाई करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

(विवरण विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखा गया)

उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों का अध्यापन

54. **श्री शांतिलाल चपलोत** (मावली) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

क्या सरकार राज्य के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

जी नहीं। क्योंकि क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रथमतः कला संकाय प्रारम्भ किया जाता है। उसके बाद वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय आवश्यकता और बजट की उपलब्धता के आधार पर ही प्रारम्भ करने हेतु विचार किया जाता है।

उदयपुर जिले में सर्वशिक्षा अभियानान्तर्गत करवाये गये निर्माण कार्य

55. **श्री वन्दना मीणा** (उदयपुर ग्रामीण) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सर्व शिक्षा अभियान में निर्माण कार्य करवाये जाते हैं? यदि हां, तो नियमानुसार यह कार्य किस एजेन्सी से करवाये जाने का प्रावधान है?

(श्री वन्दना मीणा)

(2) उदयपुर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के मार्फत कौन-कौन से कार्य किस-किस एजेन्सी द्वारा करवाये जा रहे हैं? योजना प्रारम्भ से अब तक वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। विद्यालय में निर्माण कार्य संबंधित विद्यालय की ''विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति'' के द्वारा, खण्ड संदर्भ केन्द्र का निर्माण संबंधित खण्ड संदर्भ निर्माण समिति के द्वारा, एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण खुली निविदा आमंत्रित कर पंजीकृत ठेकेदारों के माध्यम से करवाये जाने का प्रावधान है।

(2) उदयपुर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के मार्फत करवाये जा रहे निर्माण कार्य निम्नांकित एजेन्सियों द्वारा करवाये जा रहे है।

क्र. सं.	**गतिविधि का नाम**	**क्रियान्वयन ऐजेन्सी**
1	नवीन विद्यालय भवन, अतिरिक्त कक्षा कक्षा, प्रधानाध्यापक कक्ष, शौचालय, पेयजल सुविधा, संकुल संदर्भ केन्द्र निर्माण आदि	संबंधित विद्यालय की ''विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति''
2	खण्ड संदर्भ केन्द्र निर्माण	संबंधित खण्ड संदर्भ निर्माण समिति
3	कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय निर्माण	खुली निविदा आमंत्रित कर पंजीकृत ठेकेदारों के माध्यम से

योजना प्रारम्भ से अब तक निर्माण कार्यों का वर्षवार विवरण परिशिष्ट 'क' पर संलग्न है।

परिशिष्ट 'क'

उदयपुर जिले में योजना प्रारम्भ से अब तक निर्माण कार्यों का वर्ष वार ब्यौरा

क्र. सं.	गतिविधि का नाम	वर्ष 03-04	वर्ष 04-05	वर्ष 05-06	वर्ष 06-07	वर्ष 07-08	योग
1	खण्ड संदर्भ केन्द्र	6	0	5	0	0	11
2	संकुल संदर्भ केन्द्र	26	0	86	0	38	150
3	नवीन प्राथमिक विद्यालय भवन	69	45	20	0	0	134
4	नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन	40	97	20	0	0	157
5	भवन रहित प्राथमि विद्यालय	0	33	83	30	0	146
6	भवन रहित उच्च प्राथमिक विद्यालय	0	11	1	1	1	14
7	अतिरिक्त कक्षा कक्ष	250	142	325	1212	604	2583
8	प्रधानाध्यापक कक्ष	30	20	100	13		163
9	शौचालय निर्माण	200	500	500	149	0	1349
10	पेयजल सुविधा	48	100	100	0	0	248
11	हैंडपम्प	0	0	200	315	7	522
12	विद्युतीकरण	0	0	0	22	21	43
13	कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय	0	0	0	3	7	10
14	शिक्षा कर्मी विद्यालय	0	0	53	0	0	53
15	चार दीवारी निर्माण	0	0	0	0	2	2
16	वृहद मरम्मत कार्य	0	0	0	0	67	67
17	एन पी ई जी ई एल कक्ष	9	9	11	10	306	345
	योग	**678**	**957**	**1504**	**1755**	**1053**	**5947**

रावतभाटा एटोमिक परियोजना से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग

56. डा. बुलाकीदास कल्ला (बीकानेर) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि रावतभाटा एटोमिक पावर परियोजना से प्राप्त हो रही 250 मेगावाट बिजली को गत तीन चार वर्षों से मध्य प्रदेश को उपयोग करने हेतु राज्य सरकार ने सहमति दे दी थी? यदि हां, तो कब से व क्यों? इससे राज्य को हुए नुकसान की पूर्ति कैसे की जाएगी?

(2) रावतभाटा एटोमिक पावर प्रोजेक्ट से राज्य को बिजली किस दर पर प्राप्त होती है तथा सेन्ट्रल ग्रिड एवं अन्य राज्यों से किस-किस दर पर बिजली प्राप्त होती है? प्रति यूनिट दर का विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) राजस्थान परमाणु विद्युत योजना की 220 मेगावाट क्षमता की तीसरी इकाई से उपलब्ध हो रही बिजली की कीमत अधिक होने तथा इससे कम दरों की बिजली अन्य स्त्रोतों से उपलब्ध होने व प्रचलित टैरिफ प्लान को मध्यनजर रखते हुए, इस तीसरी इकाई से मिल रहे 85 प्रतिशत विद्युत आबंटन (187 मेगावाट) को 20 प्रतिशत (44 मेगावाट) करने हेतु माह दिसम्बर, 2003 में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को सहमति दी गई थी। दिनांक 22 दिसम्बर, 2003 से इस इकाई से राजस्थान को बिजली का आबंटन संशोधित कर 20 प्रतिशत कर दिया तथा शेष 65 प्रतिशत का आबंटन मध्यप्रदेश व 15 प्रतिशत दिल्ली को कर दिया गया था। यह कार्यवाही राज्य को सम्भावित नुकसान से बचाने हेतु की गयी। तदनुपरान्त माह सितम्बर, 2004 के दौरान इस इकाई से बिजली का आबंटन उत्तर क्षेत्रीय विद्युत बोर्ड द्वारा उत्तर क्षेत्रीय राज्यों में कर दिया गया एवं राजस्थान का आबंटन 20 प्रतिशत से बढ़ा कर 28.41 प्रतिशत (62.5 मेगावाट) किया गया।

(2) न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन के उपक्रमों (नरेरा व राजस्थान परमाणु विद्युत संयंत्रों) से प्राप्त हो रही बिजली की आंकलित औसत दर 266.64 पैसा प्रति यूनिट है। इसमें राजस्थान परमाणु संयंत्रों से प्राप्त हो रही बिजली की पृथक आंकलित दर 272.13 पैसा प्रति युनिट है जबकि केन्द्रीय क्षेत्र के अन्य विद्युत गृहों से प्राप्त विद्युत की औसत दर 189.47 पैसे प्रति यूनिट एवं अन्य राज्यों से द्विपक्षीय समझौतों के आधार पर प्राप्त विद्युत की औसत दर 696.22 पैसा प्रति यूनिट है। जिसका विवरण परिशिष्ट अ-ब पर उपलब्ध है।

परिशिष्ट 'अ'

Statement Showing Average per unit Rate of Energy Purchased During Year 2007-08 (Upto Nov 2007)

Projects	Rate (P/KWH)
CENTRAL SECTOR	
NTPC	161.58
NHPC	203.51
NPCIL	266.64
THDC	422.13
SJVNL	248.95
Total Central Sector	189.47
State Sector	229.24
Partnership Projects	13.71
NCES Wind	301.93
NCES Biomass	426.61
CPP	268.38
RFF	247.59
Tala (Through PTC)	184.00
HZL (FIRM)	
Bilateral	696.11
UI	473.58
G. Total (Excl Transmission Charges)	218.41
G. Total (Incl. Transmission Charges)	241.08

PERCENTAGE SHARES AND ENTITLEMENTS OF NORTHERN REGION UTILITIES IN VARIOUS INTER STATES GENERATING STATIONS DURING 0000-0600 AND 2300-2400 HRS

(All figures in %)

State/UT	SINGRAULI (2000 MW) Share	U.A.	Entlmnt	RIHAND (1000 MW) Share	U.A.	Entlmnt	UNCHAHAR-I (420 MW) Share	U.A.	Entlmnt	UNCHAHAR-II (420 MW) Share	U.A.	Entlmnt
Chandigarh	0.00	0.75	0.75	1.00	0.75	1.75	0.48	0.24	0.72	0.71	0.75	1.46
Delhi	7.50	0.00	7.50	10.00	0.00	10.00	5.71	0.00	5.71	11.19	0.00	11.19
Haryana	10.00	4.20	14.20	6.50	4.20	10.70	2.62	1.33	3.95	5.40	4.20	9.60
H.P.	0.00	0.00	0.00	3.50	0.00	3.50	1.67	0.00	1.67	2.86	0.00	2.86
J & K	0.00	1.35	1.35	7.00	1.35	8.35	3.33	0.43	3.76	7.14	1.35	8.49
Punjab	10.00	4.50	14.50	11.00	4.50	15.50	8.57	1.43	10.00	14.28	4.50	18.78
Rajasthan	15.00	2.10	17.10	9.50	2.10	11.60	4.76	0.67	5.43	9.05	2.10	11.15
U.P.	37.68	2.10	39.78	32.57	2.10	34.67	59.52	0.67	60.19	30.69	2.10	32.79
Uttaranchal	4.82	0.00	4.82	3.93	0.00	3.93	8.57	0.00	8.57	3.60	0.00	3.60
Railways	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
Total	85.00	15.00	100.00	86.00	15.00	100.00	95.23	4.77	100.00	85.00	15.00	100.00

State/UT	DADRI(T) (840 MW) Share	U.A.	Entlmnt	DADRI(G) (830 MW) Share	U.A.*	Entlmnt	ANTA (G) (419 MW) Share	U.A.	Entlmnt	AURAIYA (G) (661 MW) Share	U.A.*	Entlmnt
Chandigarh	0.00	0.00	0.00	0.61	0.36	0.97	1.19	0.75	1.94	0.75	0.52	1.27
Delhi	90.00	0.00	90.00	10.96	0.00	10.96	10.50	0.00	10.50	10.86	0.00	10.86
Haryana	0.00	0.00	0.00	4.94	1.99	6.93	5.73	4.21	9.94	5.88	2.91	8.79
H.P.	0.00	0.00	0.00	3.01	0.00	3.01	3.58	0.00	3.58	3.32	0.00	3.32
J & K	0.00	0.00	0.00	6.75	0.64	7.39	6.92	1.35	8.27	6.64	0.94	7.58
Punjab	0.00	0.00	0.00	15.90	2.13	18.03	11.68	4.51	16.20	12.52	3.11	15.63
Rajasthan	0.00	0.00	0.00	9.28	0.99	10.27	19.81	2.11	21.92	9.20	1.46	10.66
U.P.	10.00	0.00	10.00	29.60	1.00	30.60	21.75	2.11	23.86	32.06	1.46	33.52
Uttaranchal	0.00	0.00	0.00	3.41	0.00	3.41	3.79	0.00	3.79	3.84	0.00	3.84
Railways	0.00	0.00	0.00	0.00	8.43	8.43	0.00	0.00	0.00	0.00	4.53	4.53
Total	100.00	0.00	100.00	84.46	15.54	100.00	84.96	16.04	100.00	85.07	14.93	100.00

State/UT	BAIRA SIUL (180 MW) Share	U.A.	Entlmnt	SALAL (690 mW) Share	U.A.	Entlmnt	TANAKPUR (94 MW) Share	U.A.	Entlmnt	CHAMERA-I (540 MW) Share	U.A.	Entlmnt
Chandigarh	0.00	0.00	0.00	0.27	0.00	0.27	1.26	0.00	1.26	0.00	0.00	3.00
Delhi	11.00	0.00	11.00	11.62	0.00	11.62	12.81	0.00	12.81	7.90	0.00	7.90
Haryana	30.50	0.00	30.50	15.02	0.00	15.02	6.40	0.00	6.40	15.80	0.00	15.80
H.P.	12.00	0.00	12.00	0.99	0.00	0.99	3.84	0.00	3.84	14.90	0.00	14.90
J & K	0.00	0.00	0.00	34.39	0.00	34.39	7.68	0.00	7.68	3.90	0.00	3.90
Punjab	46.50	0.00	46.50	26.60	0.00	26.60	17.93	0.00	17.93	10.20	0.00	10.20
Rajasthan	0.00	0.00	0.00	2.95	0.00	2.95	11.53	0.00	11.53	19.60	0.00	19.60
U.P.	0.00	0.00	0.00	6.95	0.00	6.95	22.64	0.00	22.64	20.27	0.00	20.27
Uttaranchal	0.00	0.00	0.00	1.21	0.00	1.21	15.89	0.00	15.89	3.53	0.00	3.53
Railways	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00		0.00	0.00	0.00
Total	100.00	0.00	100.00	100.00	0.00	100.00	100.00	0.00	100.00	100.00	0.00	100.00

State/UT	CHAMERA-II (300 MW) Share	U.A.*	Entlmnt	URI (180 mW) Share	U.A.	Entlmnt	Nathpa-Jhakri (1500 MW) Share	U.A.*	Entlmnt
Chandigarh	0.67	0.22	0.89	0.62	0.00	0.62	0.53	0.09	0.62
Delhi	13.33	4.35	17.68	11.04	0.00	11.04	26.47	1.68	28.15
Haryana	5.67	1.85	7.52	5.42	0.00	5.42	21.27	0.76	22.03
H.P.	12.00	0.00	12.00	2.71	0.00	2.71	2.47	0.44	2.91
J & K	6.33	2.07	8.40	33.96	0.00	33.96	0.00	0.00	0.00
Punjab	10.00	3.26	13.26	13.75	0.00	13.75	10.13	1.79	11.92
Rajasthan	9.67	3.16	12.83	8.96	0.00	8.96	14.47	2.56	17.03
U.P.	20.67	6.75	27.42	20.06	0.00	20.06	14.73	2.61	17.34
Uttaranchal	0.00	0.00	0.00	3.48	0.00	3.48	0.00	0.00	0.00
Railways	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
Total	78.34	21.66	100.00	100.00	0.00	100.00	90.07	*9.93	100.00

* Allocated in proportion to firm shares

State/UT	N.A.P.P (440 MW) Share	U.A.	Entlmnt	RAPS-B # 3 & 4 (440 MW) Share	U.A.	Entlmnt
Chandigarh	1.14	0.73	1.87	0.00	0.00	0.00
Delhi	10.68	0.00	10.68	0.00	0.00	0.00
Haryana	6.36	4.07	10.43	10.91	5.00	15.91
H.P.	3.18	0.00	3.18	0.00	0.00	0.00
J & K	7.50	1.31	8.81	7.95	0.00	7.95
Punjab	11.59	4.36	15.95	22.73	5.00	27.73
Rajasthan	10.00	2.04	12.04	28.41	0.00	28.41
U.P.	31.30	2.04	33.34	15.00	5.00	20.00
Uttaranchal	3.70	0.00	3.70	0.00	0.00	0.00
Railways	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
Total	85.45	14.55	100.00	85.00	15.00	100.00

State/UT	UNALLOCATED (%) NTPC	NAPP
Chandigarh	5.00	5.00
Delhi	0.00	0.00
Haryana	28.00	28.00
H.P.	0.00	0.00
J & K	9.00	9.00
Punjab	30.00	30.00
Rajasthan	14.00	14.00
U.P.	14.00	14.00
Uttaranchal	0.00	0.00
Total	100.00	100.00

Allocation from E.R.

State/UT	FARAKKA Entlmnt	K'GAON Entlmnt	TALCHER Entlmnt
Chandigarh	0.00	0.00	0.00
Delhi	0.00	0.00	0.00
Haryana	0.00	0.00	0.00
H.P.	0.00	0.00	0.00
J & K	0.00	0.00	0.00
Punjab	0.00	0.00	0.00
Rajasthan	0.00	0.00	0.00
U.P.	0.84	2.44	0.60
Uttaranchal	0.00	0.00	0.00
Total	0.84	2.44	0.60
U.P. (W.R.)**	[illegible]	[illegible]	[illegible]

NOTE * Railways have been allocated 70 MW(8.43%) and 30 MW(4.53%) out of unallocated power from Dadri and Auraiya gas power stations respectively

** Power wheeling through UP transmission system

टिब्बी के स्वीकृत ग्रिड सब स्टेशन

57. श्री धर्मेन्द्र कुमार मोची (टिब्बी) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या सरकार कस्बा टिब्बी में 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन स्वीकृत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(2) क्या यह सही है कि कस्बा रावतसर में 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन स्वीकृत हैं? यदि हां, तो सरकार उक्त ग्रिड सब स्टेशन का कार्य कब तक चालू करवाने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) टिब्बी (जिला हनुमानगढ़) में 132 के.वी. ग्रिड सब-स्टेशन बनाये जाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। भविष्य में इस क्षेत्र में विद्युत मांग में वृद्धि होने पर उसके तकनीकी-आर्थिक रूप से साध्य पाये जाने पर तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा सकेगी।

(2) जी हां। रावतसर में 132 के.वी. ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण हेतु भूमि वर्तमान में स्थापित 33 के.वी. सब-स्टेशन पर उपलब्ध है और इलेक्ट्रिक ले-आउट प्लान जारी किया जा चुका है। उक्त सब-स्टेशन को वर्ष 2009-10 में चालू किया जाना प्रस्तावित है।

तारानगर विधान सभा क्षेत्र के पशु चिकित्सालयों में रिक्त पद

58. डा. चन्द्रशेखर बैद (तारानगर) : क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र तारानगर के कितने पशु चिकित्सालयों में कितने चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के पद स्वीकृत हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्तमान में उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं व उन्हें कब तक भर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र तारानगर में किस-किन पशु चिकित्सालयों हेतु स्वयं के भवन उपलब्ध हैं एवं क्या सरकार भवन विहीन चिकित्सालयों हेतु भवन बनाने एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कहां-कहां व कब तक तथा नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र तारानगर के पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के स्वीकृत पदों का विवरण परिशिष्ट 'क' पर संलग्न है।

(2) वर्तमान में उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के रिक्त पदों का विवरण परिशिष्ट 'क' में दर्शाया गया है। रिक्तियों को शीघ्र ही भरने की कार्यवाही की जावेगी।

(3) विधान सभा क्षेत्र तारानगर के सभी पशु चिकित्सालय राजकीय भवनों में कार्यरत है।

परिशिष्ट 'क'

तारानगर विधान सभा क्षेत्र में संचालित पशु चिकित्सालयों में स्वीकृत व रिक्त पदों का विवरण

क्रम संख्या	संस्था का नाम	वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी		पशु चिकित्सा अधिकारी		पशु चिकित्सा सहायक		पशुधन सहायक		स्कन्ध सहायक		सइस		जलधारी		सफाइकर्ता		गडरिया	
		स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त	स्वी.	रिक्त
1	पशु चिकित्सालय तारानगर	1	-	-	-	-	-	2	-	1	-	2	-	-	-	1	-	1	1
2	पशु चिकित्सालय साहवा	-	-	1	-	1	1	1	-	-	-	2	1	-	-	1	-	-	-
3	पशु चिकित्सालय बाय	-	-	1	1	-	-	1	-	-	-	2	1	-	-	1	-	-	-
4	पशु चिकित्सालय भालेरी	-	-	1	-	-	-	2	1	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-
5	पशु चिकित्सालय बूचावास	-	-	1	1	-	-	2	1	-	-	-	-	1	1	-	-	-	-
6	पशु चिकित्सालय धीरवासबड़ा	-	-	1	-	1	1	1	1	-	-	1	1	1	-		-	-	-

पशु चिकित्सालय का कार्यशील समय

59. श्री कान्ती प्रसाद मीणा (थानागाजी) : क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा पशु चिकित्सालयों का समय फरवरी, 2006 से दो पारियों से किया गया है? यदि हां, तो क्यों?

(2) क्या सरकार पुनः पशु चिकित्सालयों के कार्यशील समय को एक पारी में परिवर्तन करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। राज्य के पशुपालकों के हित में पशु चिकित्सा संस्थाओं को दो पारियों में किया गया है।

(2) जी नहीं। वर्तमान में पशु चिकित्सालयों के कार्यशील समय को एक पारी में परिवर्तन करने का विचार नहीं है।

पशु चिकित्साधिकारियों हेतु पदोन्नति समिति की बैठकें

60. डा. सुरेश चौधरी (भादरा) : क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि पशुपालन विभाग में भेड़-ऊन विभाग के वर्ष 2001 में विलय उपरान्त सेवा नियमों में संशोधन सरकार के समक्ष विचाराधीन हैं? यदि हां, तो सरकार उक्त सेवा नियमों में कब तक संशोधन करने का विचार रखती है?

(2) क्या यह सही है कि पशुपालन विभाग एवं भेड़ ऊन विभाग में गत 6 वर्षों से विभागीय पदोनन्ति समिति की बैठकें आयोजित नहीं हो पाई हैं? यदि हां, तो क्यों? सरकार उक्त कारणों को कब तक दूर करने का विचार रखती है?

(3) क्या यह सही है कि पशुपालन विभाग में अधिकतर अधिकारी पावती वेतन श्रृंखला में वरिष्ठ पदों पर बिना किसी पदोन्नति के कार्य कर रहे हैं? क्या सरकार उक्त व्यवस्था को समाप्त कर अस्थाई रूप से अधिकारियों को उनके पदों पर लगाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(4) क्या यह सही है कि पशुपालन विभाग में पशु चिकित्साधिकारी एवं वरिष्ठ चिकित्साधिकारी एक ही वेतनमान में काम कर रहे हैं? यदि हां, तो

(डा. सुरेश चौधरी)

क्यों? क्या सरकार इस वेतन विसंगित को दूर करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(5) क्या यह सही है कि पशुपालन विभाग में पशु चिकित्साधिकारियों के लिये प्रेक्टिस रूल (नियम) संचालित नहीं हैं? यदि हां, तो क्या सरकार प्रेक्टिस रूल बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

उत्तर

(1) जी हां। सेवा नियमों में संशोधन प्रक्रियाधीन हैं।

(2) जी हां। सेवा नियमों में संशोधन पश्चात् विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित की जा सकेगी।

(3) जी हां। सेवा नियमों में संशोधन पश्चात् अधिकारियों की पदोन्नति कर उच्च पद पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(4) जी हां। पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों का एक ही वेतनमान है। छठे वेतन आयोग की सिफारिशें शीघ्र ही अपेक्षित हैं, अतः इन वेतनमान विसंगतियों के निराकरण के संदर्भ में अभी निर्णय लिया जाना उपयुक्त नहीं होगा।

(5) जी हां। पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिये प्रेक्टिस रूल्स तैयार किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अजमेर शहर में महिलाओं हेतु आबंटित डेयरी बूथ/पार्लर

61. श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर पूर्व) : क्या डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) अजमेर शहर में वर्ष 2007-08 में कुल कितने डेयरी बूथ/पार्लर आबंटित किये गये?

(2) क्या वर्ष 2007-08 में डेयरी बूथ/पार्लर केवल महिलाओं को ही आबंटित किये गये हैं? यदि हां, तो किन-किन को? सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) अजमेर शहर में वर्ष 2007-08 में कुल 8 डेयरी बूथ एवं 1 सरस पार्लर आबंटित किये गये हैं।

(2) जी हां। महिलाओं को आबंटित बूथ/पार्लर की सूची प्रदर्श-1 पर उपलब्ध है।

प्रदर्श-1

वर्ष 2007-08 में अजमेर शहर में महिलाओं को आबंटित डेयरी बूथ/ सरस पार्लर की पूर्ण सूचना

क्रम संख्या	आबंटी महिला का नाम मय पिता	बूथ/पार्लर
1	श्रीमती सुमित्रा सिंह, पत्नी श्री सूर्यप्रताप सिंह लहेरो की बरखा के पास, अजमेर	पार्लर
2	श्रीमती राजेश्वरी, पत्नी श्री ताराचन्द जवाहर, जादूगर कालोनी, अजमेर	बूथ
3	श्रीमती इन्दु जैन, 26/24, शम्भु सदन के पीछे, अजमेर	बूथ
4	श्रीमती सीता गुर्जर, पत्नी श्री गंगाराम गुर्जर, मकान नम्बर 530/47, माल मोहल्ला, कुन्दन नगर, अजमेर।	बूथ
5	श्रीमती आशा यादव, चौधरी मानसिंह का नहोरा, हाथी भाटा, अजमेर	बूथ
6	श्रीमती लीला पत्नि श्री करणलाल, 141/2, नई बस्ती, जेलर साहब की गली, लोहा खान, अजमेर	बूथ
7	श्रीमती कमला देवी, पत्नी श्री श्रवण कुमार, बी-43, पंचशील नगर, अजमेर	बूथ
8	श्रीमती श्यामा देवी, क्वार्टर नम्बर-110 बाईपास मन्दिर के पास, ब्यावर रोड, अजमेर	बूथ
9	श्रीमती सुमीता सांखला पत्नी श्री राजेन्द्र सांखला, मकान नम्बर-625 प्रगति नगर, कोटड़ा, अजमेर	बूथ

पंचायतों का पुनर्गठन

62. **श्री अशोक कुमार नवलखां** (निम्बाहेड़ा) : क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है सरकार समय-समय पर ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन करती है? यदि हां, तो पिछले वर्षों में पंचायतों का पुनर्गठन कब किया गया था?

(श्री अशोक कुमार नवलखां)

(2) क्या सरकार ग्राम पंचायतों के आबादी असन्तुलन/क्षेत्र असन्तुलन व अन्य कारणों को देखते हुए अब पुनः पंचायतों का पुनर्गठन करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 115 में प्रत्येक जनगणना के बाद पंचायतों का पुनर्गठन किये जाने का प्रावधान है। वर्ष 1991-92 में अन्तिम बार पंचायतों का पुनर्गठन किया गया था।

(2) इस संबंध में मापदण्ड हेतु नीति निर्धारण की कार्यवाही की जा रही है। नीति निर्धारण के बाद इस बाबत् अविलम्ब कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

बाल विवाह रोकने हेतु कार्य योजना

63. श्री लालचंद कटारिया (आमेर) : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि राज्य में बाल विवाह प्रथा अभी भी प्रचलित है? यदि हां, तो क्यों?

(2) क्या सरकार बाल विवाह को रोकने हेतु बाल विवाह करने वाले व्यक्तियों को सरकारी नौकरियों के योग्य नहीं माने जाने का प्रावधान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या सरकार दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र नहीं मानने का विचार रखती है? यदि हां, तो तत्संबंधी आदेश कब तक जारी कर दिये जायेंगे व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। यह प्रचलित सामाजिक कुरीति है, जिसे समाप्त करने के निरन्तर प्रयास चल रहे हैं।

(2) इस प्रकार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(3) जी हां। इस संबंध में कार्मिक विभाग द्वारा अधिसूचना दिनांक 20.06.2001 को जारी की जा चुकी है, जिसकी प्रति परिशिष्ट 'अ' पर संलग्न है।

परिशिष्ट 'अ'

राजस्थान सरकार

कार्मिक(क-2) विभाग

क्रमांक :प.7(1)कार्मिक/क-2/95 जयपुर, दिनांक 20-6-2001

<u>अधिसूचना</u>

भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान के राज्यपाल, इससे संलग्न अनुसूची में यथा-विनिर्दिष्ट विभिन्न सेवा नियमों और संशोधन करने के लिए, इसके द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :-

1. <u>संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ</u> :- (I) इन नियमों का नाम राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम, 2001 है।

   (II) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. <u>संशोधन</u> : इससे संलग्न अनुसूची के स्तम्भ संख्या 2 में यथा उल्लिखित प्रत्येक सेवा नियम के सामने स्तम्भ संख्या 3 में यथा उल्लिखित नियम के विद्यमान उप-नियम (2) या (3) या यथास्थिति (4) के पश्चात अगली क्रम संख्या पर निम्नलिखित नया उप-नियम जोड़ा जायेगा, अर्थात :-

   'ऐसा कोई भी अभ्यर्थी, जिसके 1.6.2002 को या उसके पश्चात दो से अधिक बच्चे हों, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा;

   परन्तु जहां किसी अभ्यर्थी के पूर्वतर प्रसव से एक ही बच्चा है किन्तु पश्चात्वर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा होते हैं तो बच्चों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को, एक इकाई समझा जायेगा।'

3. <u>संशोधन</u> :- इसके साथ संलग्न अनुसूची के स्तम्भ संख्या 2 में यथा उल्लिखत प्रत्येक सेवानियम के सामने स्तम्भ संख्या 4 में यथा उल्लिखित नियम के विद्यमान उप नियम (1) के पश्चात निम्नलिखित नया उप नियम जोड़ा जायेगा, अर्थात :-

   (क) ऐसे किसी भी व्यक्ति की पदोन्नति पर उस तारीख से जिसको उसकी पदोन्नति देय हो जाती है पांच वर्ष तक विचार नहीं किया जायेगा, यदि उसके 1 जून, 2002 को या उसके पश्चात दो से अधिक बच्चे हों;

परन्तु दो से अधिक बच्चे वाला व्यक्ति तब तक पदोन्नति के लिए निरर्हित नहीं समझा जायेगा जब तक उसके बच्चों की उस संख्या में जो 1 जून, 2002 को है बढ़ोत्तरी नहीं होती है;

परन्तु यह और कि जहां किसी सरकारी कर्मचारी को पूर्वतर प्रसव से एक ही बच्चा है किन्तु पश्चातवर्ती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा होते हैं तो बच्चों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को एक इकाई समझा जायेगा।''

क्र. सं.	सेवा नियम का नाम	विद्यामन नियम संख्या	विद्यामान नियम संख्या
1	2	3	4
1.	राजस्थान प्रशासनिक सेवा नियम, 1954	25-ख	28-ख
2.	राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954	25-ग	28-क
3.	राजस्थान लेखा सेवा नियम, 1954	25-ग	28-ख
4.	राजस्थान सचिवालय सेवा नियम, 1954	-	11-ख
5.	राजस्थान पंजीयन और मुद्रांक निरीक्षक सेवा नियम, 1954	21-क	24-क
6.	राजस्थान अभियन्ता सेवा (विद्युत एवं यांत्रिकी शाखा) नियम, 1954	21-क	24-क
7.	राजस्थान अभियन्ता सेवा और अनुसंधान अधिकारी (सिंचाई शाखा) नियम, 1954	21-क	24-क
8.	राजस्थान अभियन्ता सेवा (भवन और पथ शाखा) नियम, 1954	21-क	24-ख
9.	राजस्थान सहकारिता सेवा नियम, 1954	21-क	24-ख
10.	राजस्थान श्रम और कल्याण सेवा नियम, 1958	20-क	23-क
11.	राजस्थान आर्थिक और सांख्यिकीय सेवा नियम, 1958	15-ख	25-क
12.	राजस्थान कारखाना और बायलर्स निरीक्षक और कारखाना (केमीकल) निरीक्षक सेवा नियम, 1958	21-क	23-क

1	2	3	4
13.	राजस्थान मोटर गैराज सेवा, नियम, 1958	20-क	21-क
14.	राजस्थान कारागार सेवा नियम, 1959	20-क	23-क
15.	राजस्थान राज्य बीमा और प्रावधायी निधी सेवा नियम, 1959	21-क	24-क
16.	राजस्थान राजकीय मुद्रणालय सेवा नियम, 1959	21-क	23-क
17.	राजस्थान नियोजन सेवा नियम, 1960	20-क	24-क
18.	राजस्थान खान और भूविज्ञान सेवा नियम, 1960	20-क	23-क
19.	राजस्थान कृषि सेवा नियम, 1960	22-क	25-क
20.	राजस्थान उद्योग सेवा नियम, 1960	20-क	23-क
21.	राजस्थान पुरातत्व एवं संग्रहालय सेवा नियम, 1962	21-क	24-क
22.	राजस्थान उद्यान सेवा नियम, 1962	20	23-क
23.	राजस्थान चिकित्सा सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम, 1962	21	24-क
24.	राजस्थान वन सेवा नियम, 1962	25-क	31-क
25.	राजस्थान पशुपालन सेवा नियम, 1963	21	23-क
26.	राजस्थान समाज कल्याण सेवा नियम, 1963	21	24-क
27.	राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम, 1963	21	24-क
28.	राजस्थान जनसम्पर्क सेवा नियम, 1966	21	25
29.	राजस्थान नगर नियोजन सेवा नियम, 1966	21	25
